नई दिल्ली
गुरुवार 22 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 280
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 24
न्यून. 09

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



ऋषिकेश में गीता प्रेस की 'कल्याण' पत्रिका के शताब्दी अंक का विमोचन, अमित शाह बोले

# भारतीय संस्कृति की वैचारिक शक्ति का पुनर्जागरण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश में गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित मासिक पत्र 'कल्याण' के शताब्दी अंक के विमोचन समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने लक्ष्मीनारायण मंदिर एवं मां गंगा के दर्शन-पूजन भी किए। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की नीतियों के मूल आधार में भारतीय संस्कृति की वैचारिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने का ऐतिहासिक कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि गीता प्रेस हर कालखंड में सनातन चेतना के उत्सव को जीवित रखने का सशक्त माध्यम रही है और यह संस्था मुनाफे के लिए नहीं, बल्कि पीढ़ियों के निर्माण के लिए कार्य करती रही है।

गृह मंत्री ने कहा कि सनातन धर्म से आकांक्षा रखने वाला आज पूरी दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए भारतीय संस्कृति की ओर देख रहा है। उन्होंने पूज्य हनुमान प्रसाद पोद्दार जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गीता प्रेस को समर्पित कर सनातन धर्म की लौ को मजबूती प्रदान की और करोड़ों लोगों को भक्ति व आध्यात्म की राह दिखाई।

अमित शाह ने कहा कि 'कल्याण' केवल एक पत्रिका नहीं, बल्कि ⏩ शेष पेज 5 पर

## भाजपा अध्यक्ष नवीन ने पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों के साथ की बैठक

# भाजपा अध्यक्ष की पहली बैठक: संगठन की मजबूती और जनकल्याण योजनाओं पर रहा पूरा फोकस

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक की। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय विस्तार में हुई इस बैठक में पार्टी के संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई साथ ही केंद्र सरकार और राज्यों की भाजपा शासित सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच पहुंचाने का आह्वान भी मंच से किया गया। चुनावी राज्यों के लिए संगठनात्मक तैयारियों पर भी मंथन बैठक में हुआ।

नवीन ने इस मौके पर कहा कि भाजपा की असली ताकत उसका अनुशासित संगठन और समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन ज्यादा से ज्यादा मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के हर कार्यकर्ता को पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाना है। पार्टी अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्षों का आह्वान किया कि केंद्र सरकार और राज्यों में अपनी सरकारों की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचायें। उन्होंने चुनाव संबंधित तैयारियों की मजबूती पर भी फोकस रखने की बात कही। उन्होंने सरकार और संगठन के बीच तालमेल को बेहतरीन रखने पर भी जोर दिया।

बैठक में हाल ही पूरे हुए संगठन पर्व, सदस्यता अभियान और पार्टी के आंतरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समीक्षा भी की गई। प्रदेश अध्यक्षों ने अपने राज्यों में संगठन, कार्यकर्ता सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी बैठक में दी। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, सभी राष्ट्रीय महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन मंत्री विशेषरूप से मौजूद थे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## दुनिया भर में ठप हुईं एपल की सेवाएं, एप स्टोर डाउन



**नई दिल्ली।** एपल यूजर्स के लिए बुधवार की सुबह मुश्किलों भरी रही क्योंकि भारत समेत दुनिया भर में एपल की कई प्रमुख सेवाएं अचानक ठप हो गईं। रिपोर्ट्स के अनुसार, यूजर्स को एप स्टोर, आईट्यून्स स्टोर और एपल टीवी जैसी सेवाओं को एक्सेस करने में भारी परेशानी हुई, जिससे न तो नए एप डाउनलोड हो पा रहे हैं और न ही कंटेंट खरीदने या स्ट्रीम करने की सुविधा मिल रही है। एपल के 'सिस्टम स्टेटस पेज' के अनुसार, तकनीकी खामियों की शुरुआत भारतीय समयानुसार सुबह 5:18 बजे हुई।

## रेल मंत्री वैष्णव ने व्यावहारिक डिप्लॉयमेंट पर किया फोकस

# दावोस: आईएमएफ ने भारत को बताया सेकंड टियर 'एआई पावर', वैष्णव ने सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ⏭ दावोस

*दावोस में चल रहे डब्ल्यूईएफ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईएमएफ चीफ को करारा जवाब दिया। आईएमएफ चीफ ने भारत की प्रगति पर सवाल उठाए थे, जिस पर वैष्णव ने कहा कि आपकी जानकारी गलत है।*

21 जनवरी 2026 को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दावोस में इंटरनेशनल मॉनेट्री फंड (आईएमएफ) की चीफ क्रिस्टालिना जॉर्जिएवा के बयान का करारा जवाब दिया है। आईएमएफ प्रमुख ने भारत को सेकंड-टीयर एआई पावर बताया था, लेकिन वैष्णव ने इसे सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि भारत फर्स्ट ग्रुप में है। यह बात वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) दावोस 2026 के एक पैनल डिस्कशन में हुई, जहां एआई के वैश्विक प्रभाव पर चर्चा हो रही थी। वैष्णव ने आगे कहा, 'रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (आरओआई) बहुत बड़े मॉडल बनाने से नहीं आता। 95% काम 20-50 बिलियन पैरामीटर वाले मॉडल से हो जाता है। भारत ऐसे कई मॉडल बना चुका ⏩ शेष पेज 5 पर

**केंद्रीय मंत्री ने ये भी कहा- भारतीय कंपनियां बिजनेस ऑपरेशंस समझकर एआई सॉल्यूशंस देती हैं**

**सरकार की भूमिका एआई के डिफ्यूजन को अर्थव्यवस्था में फैलाने पर केंद्रित है**

### आईएमएफ चीफ ने कहा भारत एआई में डेनमार्क से पीछे



क्रिस्टालिना जॉर्जिएवा ने पैनल में कहा था कि अमेरिका, डेनमार्क और सिंगापुर जैसे देश एआई में टॉप ग्रुप में हैं। भारत को उन्होंने दूसरे ग्रुप में रखा, यानी सेकंड-टीयर एआई पावर। उन्होंने भारत की आईटी पर लंबे समय से निवेश की तारीफ की, लेकिन कहा कि एआई में भारत अभी आगे नहीं है।

### वैष्णव बोले- एआई टैलेंट में भारत का दुनिया में है तीसरा स्थान



वैष्णव ने सीधे आईएमएफ चीफ को संबोधित करते हुए कहा, 'मुझे नहीं पता आईएमएफ का क्राइटेरिया क्या है, लेकिन स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने भारत को एआई पेनेट्रेशन, एआई प्रीप्रेडनेस और एआई टैलेंट में दुनिया में तीसरा स्थान दिया है। एआई टैलेंट में तो दूसरा स्थान है। सक्लासिफिकेशन सही नहीं है।

# लोकसभा अध्यक्ष ने बजट सत्र से पहले सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपील की

- *बिरला ने सभी दलों के नेताओं और सदस्यों से कहा चर्चा व संवाद को बढ़ावा देना होगा*
- *अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ने दिया समापन भाषण*



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगामी बजट सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के बारे में सवाल का जवाब देते हुए, कहा कि सदन में लगातार नियोजित गतिरोध और व्यवधान देश के लोकतंत्र के लिए उचित नहीं हैं। जब सदन में व्यवधान होता है, तो सबसे अधिक नुकसान उस नागरिक का होता है जिसकी समस्या पर चर्चा होनी थी। उन्होंने कहा कि हमें व्यवधान नहीं, बल्कि ⏩ शेष पेज 5 पर

# इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार-2025 ग्रासा माशेल के नाम

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट ने वर्ष 2025 के लिए प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार अफ्रीका की प्रख्यात समाजसेवी, मानवाधिकार कार्यकर्ता और पूर्व मंत्री ग्रासा माशेल को प्रदान करने की घोषणा की है। यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय जूरी द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया। पुरस्कार की औपचारिक घोषणा बुधवार को की गई।ट्रस्ट की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, ग्रासा माशेल को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला सशक्तिकरण और मानवीय सहायता के क्षेत्र में दशकों तक किए गए असाधारण कार्यों के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। कठिन परिस्थितियों में भी मानव गरिमा, समानता और न्याय के लिए उनके निरंतर संघर्ष को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। मोज़ाम्बिक में जन्मीं ग्रासा माशेल ने देश की स्वतंत्रता के बाद शिक्षा और संस्कृति मंत्री के रूप में अहम भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में स्कूल नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और विशेष रूप से लड़कियों की शिक्षा को व्यापक बढ़ावा मिला। 1990 के दशक में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के लिए सशस्त्र ⏩ शेष पेज 5 पर




## तालाब में गिरा ट्रेनी विमान,पायलट सुरक्षित



**प्रयागराज।** भारतीय वायु सेना का एक टू-सीटर माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट तकनीकी खराबी के कारण अनियंत्रित हो गया। केपी कॉलेज के पीछे जलकुंभी से भरे एक तालाब में इसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों पायलट को तालाब से सुरक्षित निकाला गया। इसे ग्रुप कैप्टन जेके पांडेय और ग्रुप कैप्टन प्रवीण अग्रवाल संचालित कर रहे थे।

फाफामऊ में पड़िला एयर फील्ड के बाद संगम का चक्कर लगाकर यह विमान एयरफोर्स स्टेशन लौट रहा था, तभी उसके इंजन में तकनीकी खामी आ गई।विमान जब तालाब के पास गिरा तो तेज आवाज आई। हादसे के बाद तालाब किनारे स्थित रेलवे पटरी पर मौजूद लोग सक्रिय हो गए। दोनों पायलट को पानी में घिरा देख स्थानीय युवक लाल साहब निषाद, अजीत यादव और पंकज सोनकर बिना वक्त गंवाए तालाब में कूद पड़े। जलकुंभी होने की वजह से थोड़ी परेशानी हुई लेकिन दोनों पायलट को सहारा देकर सुरक्षित निकाला।



# 2025 में दिल्ली के जघन्य अपराधों में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ पुलिस का डिटेक्शन रेट 95 प्रतिशत के पार

दिल्ली पुलिस द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की दिशा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। वर्ष 2023 और 2024 की तुलना में 2025 में हत्या, लूट और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पुलिस ने जघन्य मामलों को सुलझाने में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। पुलिस का डिटेक्शन रेट 95 प्रतिशत के पार रहा।

दिल्ली पुलिस के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि दिल्ली में हत्या के मामलों में लगातार गिरावट आ रही है। जहां 2024 में हत्या के 504 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2025 में यह संख्या घटकर 491 रह गई है। इसी तरह लूटपाट के मामलों में भारी कमी आई है। 2024 में 1,510 मामलों के मुकाबले 2025 में केवल 1,326 मामले दर्ज किए गए।

### महिला सुरक्षा से संबंधित मामलों में कमी और त्वरित कार्रवाई

महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दुष्कर्म के 2024 में 2,076 मामलों की तुलना में 2025 में यह घटकर 1,901 रह गए हैं। महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मामलों में भी कमी आई है। यह आंकड़ा 2,037 से घटकर 1,708 पर रह गया। इसी प्रकार ईव-टीजिंग में भी लगातार गिरावट देखी गई है, जो अब 337 मामलों पर आ गई है। 2024 में ईव टीजिंग के 362 केस दर्ज हुये थे।

### लूट की घटनाओं में लगातार गिरावट

पिछले तीन वर्षों में लूट के मामलों में लगातार कमी आई है। 2023 में कुल 1,654 मामले दर्ज किए गए। यह आंकड़ा 2024 में घटकर 1,510 हो गया और 2025 में और घटकर 1,326 हो गया। पुलिस ने इनमें से 97 प्रतिशत मामले सुलझाए।

### जबरन वसूली के मामले काफी हद तक अप्रभावित रहे

जबरन वसूली के आंकड़ों में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखा। 2023 में 204 मामले थे, जो 2024 में बढ़कर 228 हो गए और फिर 2025 में थोड़ा घटकर 212 हो गए। 2025 में जबरन वसूली के मामलों में समाधान दर तुलनात्मक रूप से कम 63 प्रतिशत थी।

### पुलिस की जांच क्षमता में इजाफा

2025 के आंकड़े दिल्ली पुलिस की कार्यकुशलता पर मुहर लगाते हैं। पुलिस ने जघन्य अपराधों के लगभग हर मामले को सुलझाने में सफलता पाई है। हत्या के प्रयास के 98.13 प्रतिशत मामलों को सुलझा लिया गया। लूटपाट और हत्या जैसे संगीन जुर्मों में पुलिस का स्ट्राइक रेट 95 प्रतिशत से अधिक रहा। महिलाओं से जुड़े मामलों में भी 95 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में आरोपियों को पकड़ा गया।

### स्ट्रीट क्राइम अब भी चुनौती

हालांकि संगीन अपराधों में कमी आई है, लेकिन स्नैचिंग और जबरन वसूली पुलिस के लिए अब भी बड़ी चुनौती बने हुए हैं। स्नैचिंग के मामलों में कमी तो आई है (6,493 से घटकर 5,406), लेकिन इनका 'सॉल्विंग रेट' केवल 64.22 प्रतिशत है, जो अन्य अपराधों की तुलना में काफी कम है।

### दिल्ली पुलिस का दावा

वहीं पुलिस का दावा है कि वह तकनीकी निगरानी, डेटा-संचालित पेट्रोलिंग और त्वरित अदालती कार्यवाही के कारण अपराधियों में डर पैदा करने में सफल रही हैं। हमारा लक्ष्य 2026 में स्ट्रीट क्राइम के डिटेक्शन रेट को भी 80 प्रतिशत के पार ले जाना है।

# दुबई से संचालित वाहन चोरों के हाईटेक नेटवर्क का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



■ वाहनों के कुख्यात और प्रमुख रिसीवर जुमा खान को किया गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच की एआरएससी टीम ने वाहन चोरों, सप्लायर और रिसीवर के एक संगठित गिरोह के पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इसे सारिक उर्फ साटा और आमिर पाशा दुबई, यूएई से चलाते थे। यह गिरोह हाई-एंड लग्जरी कारों की चोरी में माहिर था। मणिपुर में एक सुनियोजित ऑपरेशन में चोरी के वाहनों के कुख्यात और प्रमुख रिसीवर जुमा खान को गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी संजीव यादव के अनुसार आरोपी जुमा खान, थोबल मणिपुर का रहने वाला है। वह दिल्ली एनसीआर के वाहन चोरों से कारों का मुख्य खरीदार है। वह उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में आरटीओ में फर्जी रजिस्ट्रेशन करवाता था और वाहनों को खरीदारों को काफी मुनाफे पर बेचता है। वह वर्तमान में दिल्ली में ऑटो चोरी से संबंधित कई मामलों में वांछित था और कई मामलों में उसे पीओ भी घोषित किया जा चुका था। यादव के अनुसार दिल्ली एनसीआर क्षेत्र वाहन चोरी के लिए कुख्यात हो गया है।

गौरतलब है कि देश भर में रिपोर्ट की गई वाहन चोरी की घटनाओं में से 56 प्रतिशत से अधिक यहीं होती हैं। राष्ट्रीय राजधानी में हर 14 मिनट में एक वाहन चोरी होता है और वाहन चोरी शहर में रिपोर्ट किए गए कुल अपराधों का लगभग 20 प्रतिशत है। यह क्षेत्र वाहन चोरों के लिए एक हॉटस्पॉट है, जिसका मुख्य कारण सड़कों के किनारे खड़ी लग्जरी कारों की बड़ी संख्या है, जो अपर्याप्त पार्किंग सुविधाओं का परिणाम है। ये वाहन चोरों के लिए आसान लक्ष्य होते हैं। वाहन चोर महंगी कारों के लिए डुप्लीकेट चाबियां बनाने के लिए कंप्यूटर-आधारित स्कैनिंग डिवाइस या की प्रोग्रामिंग गैजेट जैसे उन्नत उपकरणों का उपयोग करते हैं। आमतौर पर एक वाहन चोर को वाहन चोरी की 20-25 घटनाओं को अंजाम देने के बाद ही पकड़ा जाता है। फिर भी अगर कोई आरोपी चोरी के वाहन के साथ पकड़ा जाता है, तो वे अक्सर शिकायतकर्ता के साथ मामले को सुलझा लेते हैं, क्योंकि सेक्शन 317(2) बीएनएस (पहले सेक्शन 411 आईपीसी) के तहत अपराध समझौता करने योग्य हैं। इससे अपराधियों को रिहाई मिलने के बाद फिर से वाहन चोरी में शामिल होने का मौका मिल जाता है।

# बवाना में व्यक्ति की पीटकर हत्या करने का आरोपी किया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के बवाना में हॉकी से एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 20 सितंबर 2025 की थी। आरोपी रवि उर्फ टकला ने अपने साथियों के साथ मिलकर अकबर, राजा और एक अन्य व्यक्ति पर हमला किया था। बाद में राजा की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार रवि गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अलग-अलग राज्यों में अपना ठिकाना बदल रहा था। रोहिणी की एक अदालत ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी किए थे। पुलिस को 20 जनवरी को आरोपी की गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बारे में उम्मीद थी कि वह अपने एक साथी से मिलने के लिए रोहिणी में एक सीएनजी पंप के पास पहुंचेगा। सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित किया गया और उसे मौके पर भेजा गया। मुखबिर ने सीएनजी पंप के पास संदिग्ध की पहचान बताई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। हालांकि, लगातार पूछताछ के बाद रवि ने अपनी असली पहचान उजागर की और जुर्म स्वीकार लिया।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.PC.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **मनीष उर्फ सोनु, पुत्रः** श्याम बाबू, **पताः** मकान न. 584, गली न. 14, जी–2, सांई एनक्लेव, मोहन गार्डन, दिल्ली, ने **FIR No.: 354/2022, U/s: 380/411 IPC, थानाः रनहोला, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **मनीष उर्फ सोनु,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **मनीष उर्फ सोनु,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 354/2022, U/s: 380/411 IPC, थानाः रनहोला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **मनीष उर्फ सोनु,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह
महानगरीय न्यायाधीश–08
जिला पश्चिम, कमरा न. 30
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/846/OD/2026
(Court Matter)



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.PC.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **धमेन्द्र, पुत्रः** मनोज कुमार, **पताः** मकान न.: 76, गली न. 14, शिवा एनक्लेव, थाना– पल्ला, फरीदाबाद, हरियाणा, ने **FIR No.: 93/2011, U/s: 379 IPC, थानाः मंडावली, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **धमेन्द्र,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **धमेन्द्र,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 93/2011, U/s: 379 IPC, थानाः मंडावली, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **धमेन्द्र,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
पूर्व जिला, कमरा न.16
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/620/ED/2026
(Court Matter)


### नागरिक-केंद्रित शासन के लिए एनडीएमसी ने शुरू की पहल : चहल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को आगे बढ़ाते हुए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने क्षेत्र में नागरिक अवसंरचना को सुदृढ़ करने तथा नागरिकों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से कई एकीकृत और दूरदर्शी पहलें शुरू की हैं। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बुधवार को बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिषद बैठक के एजेंडा में शामिल विभिन्न प्रस्तावों पर विचार कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। इस बैठक की अध्यक्षता दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने की। बैठक में नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्र, सदस्य डीपी सिंह, अनिल वाल्मीकि तथा परिषद सदस्य सरिता तोमर उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष चहल ने कहा कि इन पहलों का मुख्य फोकस जल आपूर्ति अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता एवं साफ-सफाई, कर्मचारी एवं नागरिक-केंद्रित शासन सुधार, विद्युत अवसंरचना का उन्नयन, सीवर प्रणाली को मजबूत करने, बाजारों के विकास एवं उन्नयन, तथा सुरक्षित, सुगम और भविष्य-तैयार शहरी आवागमन सुनिश्चित करने हेतु सड़कों के पुनः सतहीकरण (री-सर्फेसिंग) पर है।

## चाकू से गला रेतकर हत्या का आरोपी आठ साल बाद पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने हत्या के आरोपी को आठ साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी मोविन खान के खिलाफ कंझावला थाने में 2017 में केस दर्ज हुआ था। 400 रुपये और एक मोबाइल फोन को लेकर हुए झगड़े के बाद इसने मलखान नाम के शख्स की चाकू से गला काटकर बेरहमी से हत्या की थी। घटना के बाद आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे अलग-अलग राज्यों में अपनी जगह बदलता रहा। इसे मामले में भगौड़ा अपराधी भी घोषित किया जा चुका था। पुलिस के अनुसार आरोपी मोविन खान को उत्तर प्रदेश के आगरा के रिचोहा से पकड़ा गया है। यह गिरफ्तारी पांच महीने से ज्यादा समय तक चार अलग-अलग राज्यों में लगातार छापेमारी और समन्वित प्रयासों के बाद हुई। एक जनवरी की सुबह मलखान पुत्र देवी दीन निवासी जी-216, जेजे कॉलोनी, सावदा गांव, दिल्ली के खेतों में गले पर कटे हुए निशान के साथ मृत पाया गया था। जांच के दौरान टीम ने शुरू में आरोपी के स्थायी पते यानी गांव पटेरा, जिला दमोह, मध्य प्रदेश पर छापे मारे। पता चला कि आरोपी अपनी पत्नी के साथ किसी अनजान जगह पर चला गया था और कभी-कभी ही अपने गांव आता था। इसके बाद आरोपी की गतिविधियों के बारे में और जानकारी जुटाई गई और संबंधित जगहों पर मुखबिरों को तैनात किया गया। खास इनपुट के आधार पर कई दिनों तक बिहार और झारखंड राज्यों में लगातार कई छापे मारे गए। इसके बाद कांस्टेबल संदीप को आरोपी की आगरा के रिचोहा में मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। छापा मारकर उसे सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया।

# चांदनी चौक में अमेरिकी नागरिक का आईफोन छीना, हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चांदनी चौक इलाके में एक अमेरिकी नागरिक का आईफोन छीनने के आरोप में आपराधिक इतिहास वाले 33 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 15 जनवरी को उस समय घटी जब मैसाचुसेट्स के सोमरविले का रहने वाला पीड़ित जिंग तेंग (37) बाजार में खरीदारी कर रहा था। स्कूटर सवार एक व्यक्ति ने ओमेक्स मॉल के सामने तेंग का मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गया। 16 जनवरी को कोतवाली पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।

डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार विदेशी नागरिक से जुड़ा मामला होने के कारण एक केंद्रित और समयबद्ध जांच के आदेश दिए गए। घटनास्थल के पास लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण करने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। फुटेज में साफ तौर पर आरोपी को छीन-झपटी करते और पीड़ित द्वारा उसका पीछा करते हुए देखा जा सकता है। मुखबिरों के बीच तस्वीरें प्रसारित होने के बाद संदिग्ध की पहचान अजमेरी गेट इलाके के निवासी तौसीफ उर्फ तोशिफ के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि कमला मार्केट थाने में तौसीफ का नाम बेड करेक्टर वाले व्यक्ति के रूप में दर्ज है। सूचनाओं के आधार पर कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई और आरोपी को 19 जनवरी को जीबी रोड इलाके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान तौसीफ ने झपटमारी की बात कबूल कर ली। चोरी किया गया 'आईफोन 14 प्रो' आरोपी के घर से बरामद किया गया और अपराध में इस्तेमाल किया गया स्कूटर जब्त कर लिया गया। आरोपी ने 12 जनवरी को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास मोबाइल फोन छीनने की एक और घटना में अपनी संलिप्तता भी कबूल की। पुलिस ने पुष्टि की कि उस घटना के संबंध में लाहौरी गेट थाने में पहले ही एक ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी थी, जिसके कारण इस गिरफ्तारी के साथ ही झपटमारी के दो मामले सुलझ गए। आरोपी ने नशे की लत के कारण अपराध का रास्ता अपनाया और राजधानी में लूट और झपटमारी की कम से कम 10 घटनाओं को अंजाम दिया है। आरोपी पिछले 15 वर्षों से जेल में था और इसे गत वर्ष अक्टूबर में ही रिहा किया गया था।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | शमशान घाट वार्ड नं. 12 के निकट निजामपुर रोड पर रैन बसेरा + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.02.2026 | रु.1,34,94,653/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42264/I/88/7 दि. 21.01.26


### वसंत कुंज में बुजुर्ग महिला ने आठवीं मंजिल से कूदकर दी जान

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज साउथ थाना एरिया में बुधवार सुबह एक बुजुर्ग महिला ने बिल्डिंग की आठवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुजुर्ग के शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स मोर्चरी भिजवाया है। मामले की छानबीन की जा रही है। लोकल पुलिस को सुबह 8:49 बजे आत्महत्या के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचा। जांच करने पर उक्त महिला जमीन पर मृत हालत में पड़ी मिली। 62 साल की महिला सरस्वती अपार्टमेंट, डी-6, वसंत कुंज में रहती थी। उसने बिल्डिंग की 8वीं मंजिल से छलांग लगाई थी। क्राइम व एफएसएल टीमों ने भी मौके का मुआयना किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। परिवार वालों से पूछताछ की गई है। शुरुआती जांच में अब तक किसी भी तरह की गड़बड़ी या बाहरी दखल के कोई साफ संकेत नहीं मिले हैं। बिल्डिंग के सीसीटीवी फुटेज देखे गए और महिला खुद ही सबसे ऊपरी मंजिल से कूदती हुई दिख रही है। मृतक महिला एक गृहिणी थी। कथित आत्महत्या के हालात और कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## दिल्ली के किसान सौर ऊर्जा और परंपरागत खेती से कर सकेंगे दोगुनी आमदनी : सूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ दिल्ली सरकार ने हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि उपयोग परिवर्तन की आवश्यकता को कर दिया समाप्त

दिल्ली के किसान अब अपने खेतों में सौर ऊर्जा संयंत्र से सौर ऊर्जा का उत्पादन कर और परंपरागत खेती जारी रखकर दोगुनी आमदनी कर सकेंगे। इसके लिए दिल्ली सरकार ने हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि उपयोग परिवर्तन की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने दी। मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार ने बुधवार को कृषि भूमि पर सौर संयंत्र लगाने की प्रक्रियाओं को सरल बनाने की घोषणा की। दशकों से चली आ रही लालफीताशाही को समाप्त करते हुए, विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऊंचे सौर सिस्टम लगाने से दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम, 1954 का उल्लंघन नहीं होता। इसके साथ ही हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि उपयोग परिवर्तन की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। ऊर्जा मंत्री सूद ने बताया कि दिल्ली में वर्षों से जटिल भूमि नियमों के कारण सौर ऊर्जा की संभावना सीमित थीं। उन्होंने आगे कहा कि हम 'नो ऑब्जेक्शन' की बाधाओं को समाप्त कर रहे हैं और अब दिल्ली का हर खेत केवल फसल ही नहीं, बल्कि हमारे शहर के भविष्य स्वच्छ ऊर्जा देने वाली बिजली भी पैदा करे। मंत्री सूद ने बताया कि डीडीए, दिल्ली सरकार का विधि विभाग और राजस्व विभाग के साथ समन्वय कर वर्तमान सरकार ने रिकॉर्ड समय में कानूनी बाधाओं को दूर किया है, ताकि दिल्ली सबसे आगे रहे। सूद ने कहा कि यह सुधार दिल्ली को सोलर हब में बदलने की व्यापक रणनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। सौर ऊर्जा को अंतिम छोर यानी हमारे किसानों तक पहुंचाकर दिल्ली सरकार यह सिद्ध कर रही है कि ऊर्जा समानता ही सामाजिक समानता की बुनियाद है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में लघु सचिवालय फतेहाबाद और रिकॉर्ड रूम की मेन एलटी केबल्स को बदलना (एलटी पैनल और सम्बद्ध कार्य का प्रावधान)। | 19.01.2026 28.01.2026 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला चरखी दादरी में बाल भवन की बिल्डिंग का निर्माण (फायर अलार्म, एलएएन, सीसीटीवी, साउंड ऑडियो/वीडियो, स्टेज लाइट और मोटरीकृत कर्टेन का प्रावधान केवल)। | 19.01.2026 27.01.2026 | 72.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | सोनीपत में गांव खेवड़ा में नई राजकीय आईटीआई का निर्माण (ईएलवी सेवाओं और अन्य विद्युत उपकरणों का प्रावधान केवल)। | 21.01.2026 31.01.2026 | 92.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | जुआं जिला सोनीपत में आईटीआई का निर्माण (250 केवीए सर्वो स्टेबिलाइजर का प्रावधान केवल) + 7 कार्य। | 21.01.2026 27.01.2026 | 108.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में गांव चौधरीवास में पुराने विश्राम गृह की विशेष मरम्मत (स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल)। | 20.01.2026 29.01.2026 | 4.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | राजकीय आईटीआई नलवा (हिसार) | आईटीआई नलवा में विभिन्न ट्रेड्स के छोटे औजारों और उपकरण की आपूर्ति। | 21.01.2026 29.01.2026 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708374760 nalwa.giti@hry.gov.in |
| 7 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में हॉस्पीटल इंडोर मरीजों के लिए किचन और डाइट्री सेवाओं के प्रावधान हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 27.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 8 | बागवानी विभाग सीओई, मुनीमपुर (झज्जर) | सीओई, मुनीमपुर (झज्जर) में संरक्षित संरचनाओं की मरम्मत। | 22.01.2026 28.01.2026 | ईएमडी 45,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |
| 9 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 13 मदों तक मदें निहित सूची (13 मदों का सिंगल लॉट)*। | 22.01.2026 18.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 02 मदों तक मदें निहित सूची (02 मदों का सिंगल लॉट)*। | 22.01.2026 18.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 34 मदों तक मदें निहित सूची (34 मदों का सिंगल लॉट)*। | 22.01.2026 18.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 24 मदों तक मदें निहित सूची (24 मदों का सिंगल लॉट)*। | 22.01.2026 18.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 75 मदों तक मदें निहित सूची (75 मदों का सिंगल लॉट)*। | 22.01.2026 18.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | डीआईआरसीटी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा अपेक्षित इंडक्टिवली कपल्ड प्लाजमा स्पेक्ट्रोमीटर्स उपकरणों का 3 वर्षीय व्यापक रखरखाव अनुबंध। | 22.01.2026 05.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/280/42274/I/88/7 दि. 21.01.26





### जल मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक

# दिल्ली जल बोर्ड ने 600 ईवी वॉटर टैंकरों की तैनाती को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड ने दिल्ली की टैंकर आधारित जल आपूर्ति प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए 600 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) आधारित वॉटर टैंकरों की तैनाती को मंजूरी दी। इनमें 300 ईवी टैंकर पूरी तरह निशुल्क जल आपूर्ति के लिए होंगे, जो जल संकटग्रस्त रिहायशी इलाकों में सेवाएं देंगे।

शेष 300 ईवी टैंकर नियंत्रित व नियामक भुगतान व्यवस्था के तहत वाणिज्यिक व संस्थागत उपयोग के लिए होंगे। इस बात की जानकारी दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की 176वीं बैठक की अध्यक्षता करने के बाद दी। इस बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों को मंजूरी दी गई। मंत्री प्रवेश ने बताया कि नए टैंकर आने से अवैध टैंकर माफिया और प्रदूषणकारी वाहनों पर सीधा प्रहार होगा। उन्होंने कहा कि सभी टैंकर स्टेनलेस स्टील के होंगे। ये भी टैंकर रीयल टाइम जीपीएस ट्रैकिंग सुविधा से लैस होंगे। इनकी बुकिंग एप आधारित होगी।



इनमें ट्रैकिंग और डिलीवरी सिस्टम लागू किया जाएगा, ताकि नागरिकों को यह स्पष्ट रूप से पता हो कि पानी कहां से आ रहा है, कब और कैसे पहुंच रहा है। ईवी टैंकरों से वायु प्रदूषण में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह कोई अस्थायी व्यवस्था नहीं, बल्कि एक संरचनात्मक सुधार है। उन्होंने कहा कि 176वीं डीजेबी बैठक में लिए गए फैसले तकनीक आधारित शासन, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और नागरिक-प्रथम सोच को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। अवसंरचना सुधार, निगरानी और दीर्घकालिक योजना को जोड़कर दिल्ली जल बोर्ड ज़मीन पर ठोस बदलाव लाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ये फैसले भरोसा बहाल करने के लिए हैं- सरकारी व्यवस्थाओं पर भरोसा, पानी की गुणवत्ता पर भरोसा और इस भरोसे के लिए कि सरकार नागरिकों के हित में काम कर रही है।

**वजीराबाद बैराज के पोंडेज क्षेत्र का पुनर्जीवन**

जल मंत्री प्रवेश ने बताया कि डीजेबी की बैठक में कच्चे पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए बोर्ड ने वजीराबाद बैराज के पोंडेज क्षेत्र के पुनर्जीवन को मंजूरी दी। वर्षों से गाद (सिल्ट) जमने के कारण यहां जल भंडारण क्षमता गंभीर रूप से घट गई थी। इस परियोजना के तहत वैज्ञानिक तरीके से डी-सिल्टिंग की जाएगी और पोंडेज क्षेत्र की बहाली की जाएगी। इससे गर्मी के मौसम से पहले जल भंडारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# किराड़ी में जलभराव से जनजीवन बेहाल : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बुधवार को किराड़ी विधानसभा क्षेत्र की शर्मा एन्कलेव कॉलोनी का दौरा कर वहां के बदहाल हालात का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और आम आदमी पार्टी के विधायक की निष्क्रियता के कारण कॉलोनी के करीब 10 हजार लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। शिकायतें मिलने के बाद मौके पर पहुंचे यादव ने बताया कि लगभग हर गली में गंदा और प्रदूषित पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों का सामान्य जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। दौरे में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र के साथ जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार, एमसीडी में कांग्रेस पार्टी की नेता नाज़िया दानिश, निगम पार्षद राजेश गुप्ता आदि पदाधिकारी भी मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष यादव ने आरोप लगाया कि दिल्ली नगर निगम द्वारा भलस्वा लैंडफिल का कूड़ा और मलबा शर्मा एन्कलेव कॉलोनी के पास स्थित खाली डीडीए प्लॉट में डाले जाने के कारण पानी की निकासी पूरी तरह बंद हो गई है। नतीजतन कॉलोनी की करीब 150 गलियों में तीन से चार फीट तक पानी भर गया है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और इलाके में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। पीड़ित लोगों से बातचीत के बाद यादव ने कहा कि कई परिवार मजबूरी में अपने घर छोड़कर जा चुके हैं, जबकि कुछ लोग जोखिम के बावजूद वहीं रहने को मजबूर हैं।



### आईएएस संजीव खिरवार निगम के नए आयुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के आयुक्त पद पर बुधवार को आईएएस संजीव खिरवार की नियुक्ति हुई है। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब निगम प्रशासन कई गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। निगम सूत्रों को कहना है कि दिल्ली नगर निगम 2012 में भंग हो गया था तब तीन नगर निगम (दक्षिणी, उत्तरी और पूर्वी) अस्तित्व में आए और उसके बाद उत्तरी निगम और पूर्वी निगम के हालात दक्षिणी निगम से कमजोर ही देखे गए। फिर 2022 में हुए निगमों के एकीकरण के बाद भी निगम की हालात कमजोर ही है और अब तक व्यवस्था को पूरी तरह संभालना आसान नहीं रहा है और विकास व जनसेवा से जुड़े कार्य लंबित पड़े हैं। निगम सूत्रों के अनुसार, नगर निगम चुनाव में अब लगभग एक वर्ष का समय शेष है, ऐसे में प्रशासनिक स्थिरता और दिल्ली में बुनियादी सुविधाओं को बहाल करना नए आयुक्त के लिए बड़ी जिम्मेदारी होगी। आगामी चुनाव को देखते हुए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में निगम कर्मियों की तैनाती की जाती है। इससे निगम के रोजमर्रा के कार्यों पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। निगम में सेवानिवृत्तियों के बाद चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की भारी कमी सामने आई है। बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं, वहीं वर्षों से अनियमित रूप से कार्य कर रहे कर्मियों को नियमित करने की मांग भी लंबित है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए निगम में 30 हजार से अधिक कर्मियों की भर्ती की आवश्यकता बताई जा रही है, ताकि सफाई, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाएं सुचारु रूप से चलाई जा सकें।

# दिव्यांगजनों के बेहतर भविष्य के लिए दिल्ली सरकार कर रही निरंतर प्रयास : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिव्यांगजनों के बेहतर पुनर्वास एवं उनके सुरक्षित भविष्य के लिए दिल्ली सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। यह बात बुधवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर में दिव्यांग एवं मानसिक रूप से विशेष बच्चों के स्कूल-कम-होम हेतु आवंटित भूमि का निरीक्षण करने के अवसर पर कही। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा जी तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान मंत्री इंद्राज ने भूमि की समुचित देखभाल, स्वच्छता व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात समाज कल्याण मंत्री इंद्राज ने सुंदर नगरी स्थित ट्रेनिंग-कम-प्रोडक्शन सेंटर (टीसीपीसी) ऑर्थोपेडिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने जिला कार्यालय के विकास के साथ-साथ ट्रेनिंग सेंटर को भी समानांतर रूप से विकसित करने के निर्देश दिए।



साथ ही, भूमि के किसी भी प्रकार के दुरुपयोग को रोकने के लिए अस्थायी एनक्लोजर स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। इस क्रम में सुंदर नगरी स्थित आरसीएल एवं एचएलटीबी का भी निरीक्षण किया गया। मंत्री ने वॉटरलॉगिंग की समस्या के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए।

### यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए ठोस एक्शन प्लान किया जाए लागू : रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना को फिर से स्वच्छ और प्रवाहमान बनाने के लिए मिशन-मोड में ठोस एक्शन प्लान लागू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ये निर्देश बुधवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में यमुना की मौजूदा हालत, सीवेज ट्रीटमेंट, नालों की सफाई और अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाने जैसे कामों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना केवल नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की जीवनरेखा है। बैठक में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह सहित दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति, डीडीए व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# निगम स्थायी समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

### 28 जनवरी को निगम सदन में पेश होगा जनहितकारी बजट : सत्या शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित बैठक में नागरिकों के हित में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में, अध्यक्ष ने बताया कि दिल्ली नगर निगम का जनहितकारी बजट 28 जनवरी 2026 को निगम सदन में प्रस्तुत किया जाएगा।

बैठक में टोल टैक्स के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सत्या शर्मा ने कहा कि इस संबंध में अधिकारियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में निगम का पक्ष मजबूती से रखा जाएगा। अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि स्थायी समिति की विशेष बजट बैठकों में सदस्यों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण, व्यवहारिक और जमीनी सुझावों को बजट में गहनता से शामिल किया गया है। साथ ही दिल्ली और एमसीडी की वर्तमान परिस्थितियों का समग्र आकलन कर बजट को अंतिम रूप दिया गया है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें और शहर के समग्र विकास को नई दिशा मिले। अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि पार्षदों को अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क, नाली, पार्क, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य विकास कार्यों के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सकेगा।






### एलजी ने विकासपुरी में 'आरंभ लाइब्रेरी' और 'कैफे वरदान' का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली देश का शिक्षा का केंद्र है यहां पूरे भारत से छात्र अपना भविष्य बनाने आते हैं। यह बात बुधवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विकासपुरी में पांचवी 'आरंभ लाइब्रेरी' का उद्घाटन करने के अवसर पर कही। खास बात यह है लाइब्रेरी परिसर में ही पढ़ाई के लंबे घंटों के दौरान छात्रों की सुविधा के लिए 'कैफे वरदान' की भी शुरुआत की गई है, जहां अल्पाहार की व्यवस्था होगी। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा विकसित इस लाइब्रेरी का उद्देश्य छात्रों को, खासकर पश्चिमी दिल्ली के छात्रों को, ध्यान केंद्रित करके पढ़ाई करने के लिए एक विशिष्ट और किफायती माहौल प्रदान करना है।

### मुंडका-मदनपुर डबास मार्ग पर लागू होगा अस्थायी रूट बदलाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के मुंडका-मदनपुर डबास क्षेत्र में बदहाल मार्ग के चलते यात्रियों को हो रही समस्या का दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) प्रशासन ने संज्ञान लिया है। डीटीसी प्रशासन ने बताया कि आज, 22 जनवरी 2026 से रूट संख्या '701, 915, 935, 941, 941ए व संबंधित बसें' अब अस्थायी रूप से 'मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया से यूईआर-2 के रास्ते होकर संचालित की जाएंगी। यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक संबंधित सड़क मार्ग को डीटीसी बसों के संचालन के अनुकूल नहीं बना लिया जाता। डीटीसी ने यात्रियों के हित और सुरक्षित बस परिचालन को ध्यान में रखते हुए मुंडका से मदनपुर डबास के बीच चलने वाली बस सेवाओं के मार्ग में अस्थायी बदलाव किया है।




## खबर संक्षेप

### जीडीए ने सील की कई अवैध रूप से चल रही फैक्ट्री

**गाजियाबाद।** जीडीए ने अभियान चलाकर बुधवार को डासना में कई अवैध निर्माण सील कर दिए।



प्रभारी प्रवर्तन जोन-5 के नेतृत्व में अवैध निर्माण, अनधिकृत उपयोग, अतिक्रमण एवं नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया। भूडगढ़ी, डासना, गाजियाबाद द्वारा लगभग 5000 वर्गमीटर के भूखण्ड पर स्थित परिसर में लगभग 1800 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैक्ट्री का अनधिकृत संचालन किया जा रहा था, जिसे सील किया गया।

### दीपक गुप्ता को भाजपा महामंत्री नियुक्त किया

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद महानगर के युवा मोर्चा



जवाहर मंडल के पदाधिकारियों की संगठनात्मक नियुक्तियां की गईं। जिसमें जवाहर मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा फरीदाबाद महानगर लक्की भगत द्वारा अधिवक्ता दीपक गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद महानगर के युवा मोर्चा जवाहर मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया।

### सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स को आईएजीईएस से मान्यता

**गुरुग्राम।** भारत की प्रमुख आभूषण रिटेल कंपनी, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स को आईएजीईएस की मान्यता प्राप्त हुई है। यह मान्यता



कंपनी की ईमानदार, निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यप्रणालियों के माध्यम से अपने ग्राहकों का भरोसा जीतने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, सुवंकर सेन ने कहा कि जैसे-जैसे भारत का स्वर्ण उद्योग व्यवस्थित हो रहा है, आईएजीईएस जैसे नियम बहुत जरूरी हैं। ये नियम ईमानदारी और ग्राहक के भरोसे को मजबूत करते हैं। इसलिए आईएजीईएस को अपनाना हमारे लिए स्वाभाविक था। 100 से अधिक स्टोर्स पर यह मान्यता हमारे अच्छे प्रबंधन, साफ-सुथरी प्रक्रिया और पूरे उद्योग को पारदर्शी मानकों की ओर बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

*77वें गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर रिहर्सल जारी*

# स्वास्थ्य मंत्री वॉर मेमोरियल पर देंगी शहीदों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव जिला फरीदाबाद में 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। सर्व प्रथम स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सेक्टर-12 वॉर मेमोरियल में शहीदों को श्रद्धांजलि देंगी। इसके पश्चात सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में तिरंगा फहराएंगी। तिरंगा फहराने के बाद स्वास्थ्य मंत्री आरती राव द्वारा आमजन को संबोधित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के संबोधन के बाद मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे और कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति दी जाएगी। उप-मंडल स्तरीय कार्यक्रम में एनआईटी 01 स्थित दशहरा ग्राउंड में बड़खल विधायक धनेश अदलखा व बल्लभगढ़ स्थित दशहरा ग्राउंड में बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा तिरंगा फहराएंगे। 77वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनजर सेक्टर-12 स्थित हेलीपैड मैदान पुलिस विभाग, होम गार्ड, एनसीसी बॉयज एंड गर्ल्स, हिंदुस्तान स्काउट्स, भारत स्काउट्स, भारत गाइड, प्रजातंत्र के प्रहरी, एनसीसी जूनियर आर्मी, एनसीसी जूनियर नेवी बॉयज एंड गर्ल्स, सेंट जोन ब्रिगेड, एनएसएस ब्रिगेड और स्कूली विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट की रिहर्सल की गई।

## आनंद विहार स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को विकसित किया जाएगा

# नमो भारत स्टेशन पर पॉड होटल प्रीमियम डाइनिंग और अन्य कमर्शियल सुविधाएं विकसित करेगा एनसीआरटीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



एनसीआरटीसी ने दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर प्रॉपर्टी डेवलपमेंट (पीडी) फ्लोर की लाइसेंसिंग का काम अवार्ड कर दिया है। इस लाइसेंस के अंतर्गत स्टेशन परिसर के अंदर 30 पॉड्स की क्षमता वाले एक आधुनिक पॉड होटल, एक फाइन डाइनिंग रेस्तरां और अन्य यात्री-केंद्रित कमर्शियल सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इस क्षेत्र के सबसे व्यस्त ट्रांजिट हब में से एक आनंद विहार स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

नेशनल कैपिटल रीजनल ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन(एनसीआरटीसी) के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि पॉड होटल नए ज़माने के यात्रियों की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए जाते हैं, जो स्टेशन परिसर के अंदर ही कम समय के लिए रहने की सुरक्षित और किफायती जगह प्रदान करते हैं। आनंद विहार जैसे अत्यधिक भीड़भाड़ वाले इंटरचेंज स्टेशन पर पॉड होटल, उन यात्रियों के लिए आराम करने की जगह का एक बहुत ज़रूरी विकल्प देगा जो लंबी दूरी की यात्रा कर रहे हैं और जिनका लेओवर बहुत कम है। उदाहरण के लिए, नमो भारत ट्रेन से मेरठ से दिल्ली की यात्रा कर रहा यात्री जिसे आनंद विहार रेलवे स्टेशन से लंबी दूरी की ट्रेन पकड़नी है, होटल के लिए बाहर जाने के बजाय स्टेशन परिसर में ही थोड़ा आराम कर सकता है। इससे न सिर्फ़ उनकी समय और मेहनत बचती है, बल्कि यह एक सुविधाजनक और किफायती विकल्प भी है, ख़ासकर उन यात्रियों के लिए जिनके पास ले-ओवर का समय कम होता है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत, लगभग 4,000 वर्ग मीटर से अधिक का एक संभावित प्रॉपर्टी डेवलपमेंट क्षेत्र लाइसेंस पर दिया गया है, जो स्टेशन के अलग-अलग लेवल पर चार जगहों पर बाँटा गया है। इससे यात्रियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में हॉस्पिटैलिटी और कमर्शियल सुविधाओं को एकीकृत किया जा सकेगा। पॉड होटल के अलावा, यहां एक फाइन डाइनिंग रेस्तरां विकसित करने की भी योजना है। साथ ही अन्य प्रस्तावित कमर्शियल सुविधाएँ जैसे फूड एंड बेवरेज (एफएंडबी) रिटेल आउटलेट, ऑफिस स्पेस, कपड़ों के शोरूम तथा ऐसी अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, जिनसे यात्रा अनुभव और बेहतर होगा।

किसानों व ग्रामीणों की मांगों को जायज बताते हुए दिया समर्थन

## किसानों, मजदूरों की दुख-तकलीफों से कोई लेना-देना नहीं: चौ. वीरेन्द्र सिंह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव बड़ौली-प्रहलादपुर में चल रहे घर बचाओ संघर्ष समिति के धरने को आज उस समय और अधिक बल मिल गया जब किसानों के मसीहा सर छोटूराम के नाती एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ. वीरेन्द्र सिंह ने दल-बल के साथ अपना समर्थन दिया और किसानों की मांगों को जायजा बताया। धरना 54वें दिन में प्रवेश कर गया। आज के धरने की अध्यक्षता धरना संयोजक वीरपाल गुर्जर ने की।

धरने पर बैठे किसानों को सम्बोधित करते हुए वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा की केन्द्र व प्रदेशों की सरकारें किसान विरोधी है। जब मैं भारत सरकार में मंत्री था तब मैंने भाजपा की नीतियों को देखते हुए यह महसूस किया कि भाजपा को सिर्फ अपना वोट बैंक बचाना है। इनको आम आदमी, किसान, मजदूरों के दुख-तकलीफों से कोई लेना-देना नहीं है। किसान के मसीह सर छोटू राम का मैं वंशज हूं मेरी रगो में किसान का खून है इसलिए मैंने भाजपा छोड़ दी। जल्द ही कुछ और नेता भाजपा से किनारा कर लेगें। चौ. वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि ग्रामीणों की मांग जायज है, सरकार को मांगे मान लेनी चाहिए।

# युवा अधिवक्ताओं को पैसे के पीछे नहीं भागना चाहिए: न्यायमूर्ति भारती

*गोष्ठी का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद




गाजियाबाद न्यायालय प्रांगण के बार सभागार में अधिवक्ता परिषद ब्रज की गाजियाबाद इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती के उपलक्ष में युवा अधिवक्ता दिवस के रूप एक विचार गोष्ठी का
आयोजन किया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उत्तराखंड उच्च न्यायालय के सिवा नि वर्तमान न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा ने कहा कि युवा अधिवक्ताओं को कभी भी पैसे के पीछे नहीं भागना चाहिए बल्कि ज्ञान पर जोर देना चाहिए । यदि उन्होंने ऐसा किया तो युवा अधिवक्ता भी कुछ साल तारीख की उत्तर है रोशनी बिखेगा तथा लोग उनके पीछे अपना काम करने के लिए दौड़ेंगे, उन्होंने उपस्थित और युवा अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि यदि युवा अधिवक्ता चाहे तो पूरी न्यायिक प्रक्रिया को सकारात्मक रूप से बदल सकता है लेकिन इसके लिए उन्हें अध्ययनशील तथा मेहनती होना अत्यंत आवश्यक है। बार अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी यु वा अधिवक्ताओं को टेक्नोलॉजी अपनाने पर जोर देते हुए बताया कि बार इस विषय में गंभीरता से विचार कर रही है तथा निकट भविष्य में इस पर जल्द ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। क्षेत्र संयोजक विपिन त्यागी ने कहा ब कि अधिवक्ता परिषद न्यायालय में राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करने वाले वकीलों का संगठन है जिसके लिए न्याय मम धर्म ही ध्येय वाक्य है, साथ ही उन्होंने बताया कि युवा अधिवक्ताओं के लिए अधिवक्ता परिषद समय-समय पर विभिन्न विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित करती रहती है। वरिष्ठ अधिवक्ता के. पी. सिंह एवं श्रीमती आशा द्वारा न्यायमूर्ति कौशल ओढ़ा कर तथा फूल माला दे कर स्वागत किया। गोष्ठी का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **गुलफाम, पुत्रः मो. जलील अहमद, निवासीः ई–117, झुग्गी सुंदर नगरी, नंद नगरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.650/2021 U/S 392/394/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना नंद नगरी, उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **गुलफाम** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **गुलफाम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.650/2021 U/S 392/394/34 IPC, थाना नंद नगरी, उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **गुलफाम** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **07.03.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार, सुश्री दीपकशी राणा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं.–19, पहली मंजिल, शाहदरा जिला,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/871/NE/2026**
**(अदालती मामला)**


कांग्रेस के पूर्व सांसद सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा

## सत्ता पाने के लिए भाजपा करती है समाज को तोड़ने का काम: बृजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा मंगलवार को फरीदाबाद जिले की एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। यात्रा के एनआईटी क्षेत्र में प्रवेश करने पर स्थानीय नागरिकों ने फूल-मालाओं, आत्मीय स्वागत और उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ यात्रा का अभिनंदन किया।

जनसमूह ने सामाजिक एकता, भाईचारे और सद्भाव के संदेश को खुले दिल से समर्थन एवं आशीर्वाद प्रदान किया। अपने 109वें दिन सद्भाव यात्रा ने निरंतर ऊर्जा, अनुशासन और व्यापक जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद, सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य किया। आज की सद्भाव यात्रा की शुरुआत सिरोही गांव, खोरी, आलमपुर, धौज, पाखल, पाली, नंगला, नंगला रोड़, 60 फुटा रोड, सारन स्कूल रोड और शू मार्केट से होते हुए प्याली चौक पर संपन्न हुई। जनसभा को संबोधित करते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि सद्भाव यात्रा का उद्देश्य इतना पवित्र और महत्वपूर्ण है कि इसे केवल राजनीतिक लाभ से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भले ही कांग्रेस के झंडे तले निकाली जा रही हो, लेकिन इसका मूल उद्देश्य समाज में भाईचारे को मजबूत करना है। इस यात्रा से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और जनता के साथ पार्टी का जुड़ाव और अधिक सशक्त हुआ है।


## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा (ई–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-62 | **कार्य का नामः**– वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के कार्यक्षेत्र में पी.वे. सामग्री में लिडिंग का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):**– 1,23,47,891.30 **बयाना राशि (रुपये):**– 2,11,700.00 |
| 2 | NIT-63 | **कार्य का नामः**– वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अधीन ईएलएस/जीजेडबी की धारण क्षमता को 200 से 225 लोकोमोटिव तक बढ़ाने के संबंध में शेष कार्य का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):**– 1,71,44,280.01 **बयाना राशि (रुपये):** 2,35,700.00 |
| 3 | NIT-64 | **कार्य का नामः**– वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के कार्यक्षेत्र में TBSR (H-Beam) -516 संख्या (Br. no. 234A/IL, 245B, 228A/IIIL, 228A/Side) का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** 1,54,58,803.11 **बयाना राशि (रुपये):**– 2,27,300.00 |
| 4 | NIT-65 | **कार्य का नामः**– वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के कार्यक्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता शामली के अधीन 43 एल.एच.एस 6, 11, 12, 14, 16, 17, 21, 22A, 24, 27, 29, 30, 31, 33, 34, 35, 45, 50, 52, 55, 56, 59, 64, 65, 67, 69, 75, 80, 81, 82, 84, 91, 96, 123, 125, 128, 129, 131, 132, 137, 138, 140 & 144 पर हाइट गेज कार्य का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** 4,47,30,678.89 **बयाना राशि (रुपये):**– 3,73,700.00 |
| 5 | NIT-66 | **कार्य का नामः**– वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के कार्यक्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता शामली के अधीन एल. एच. एस. 6, 9, 12, 14, 20, 21, 22, 37, 38, 40, 41, 50, 51, 52, 55, 56, 58, 59, 64, 65, 66, 68, 69 etc = 23 पर 2. और एल. एच. एस. 74, 75, 80, 81, 84, 85a, 85b, 86, 87, 88, 92, 94, 95, 97, 11, 102, 107, 115, 125, 141, 144 19 पर आर.सी.सी. लाइनिंग, अप्रोच रोड का पुनर्सदर्भण व दीवार की ऊँचाई आदि को बढ़ाने का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):**– 7,24,01,671.43 **बयानाराशि (रुपये):**– 5,12,000.00 |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 17.02.2026 15:00 Hrs. |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

**सं.: 128-W/280/eTender Notice/NIT-62, 63, 64, 65 & 66-25-26-W-II**
**दिनांकः 21.01.2026** **216/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 20 दिनांक 20.01.2026 धारा 127(6) BNS 2023 थाना कलानौर रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - तन्नु
पिता/पति - श्री आशु
पता - निवासी गांव बसाना जिला रोहतक
उम्र - 25 वर्ष।
हुलिया - रंग गँहुआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर जो सूट सलवार पहने पैरों में जूते पहने हुए ।

दिनांक 20.01.2026 को तन्नु पत्नी आशु निवासी गांव बसाना कलानौर जिला रोहतक अपने दो बच्चो सहित बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना कलानौर रोहतक 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक-9813989995

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 11 दिनांक 19.01.2026 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना लाखन माजरा रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - जैसमेर
पिता/पति- श्री बलजोर
पता - निवासी गांव खरैन्टी जिला रोहतक
उम्र -47 वर्ष।
हुलिया - रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, कद 5 फुट 6 ईच जो काले रग का पैन्ट व फिरोजी कलर की जैकेट पैरों मे नीले कलर के जूते पहने हुए ।

दिनांक 19.01.2026 को जैसमेर पुत्र श्री बलजोर निवासी गांव खरैन्टी जिला रोहतक जो बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना लाखन माजरा रोहतक - 7082999128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना HC सन्दीप रोहतक 9468387817

पीआरडीएच-1084/11/4376/2026/42276/88/7 दि. 21.01.26



## स्टोर्स ई–प्रोक्यूरमेंट

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

1. **ई–निविदा सं.** NB256152; दिनांकः 12-01-2026। **आइटम विवरणः** भारतीय रेलवे के मालगाड़ी स्टॉक पर उपयोग के लिए एएआर द्वारा अनुमोदित उन्नत कार्टिज टेपर रोलर बियारिंग क्लास ''ई'' (6"×11") (बिना एडाप्टर के) मेसर्स एनईआई ड्राइंग सं. पीईएसडी–6085 (नैरो) संशोधन–'डी', मेसर्स एनईआई ड्राइंग सं. पीईएसडी 6086 (वाइड) संशोधन 'डी' पर मेसर्स टिमकेन ड्राइंग सं. पीए–जीए 11100 संशोधन–'डी', मेसर्स टिमकेन ड्राइंग सं.ई–50602 संशोधन 'ए' और आरडीएसओ के एसटीआर सं. एबी/आरबी–40–2016(संशोधन–2) जून 2021 में जारी किया गया हैं। **पीएल नं.** 38037361। **परेषितीः** एसएसई/डब्ल्यूटीएस/एनबीक्यू, एनएफआर (असम), **मात्राः** 1850 नग, **धरोहर राशिः** ₹5,67,270/–; **ई–निविदा बंद होने की तिथिः** 04–02–2026 को 14:30 बजे।

2. **ई–निविदा सं.** NB256156; दिनांकः 12-01-2026। **आइटम विवरणः** एलएचबी कोचों के लिए बायो डाइजेस्टर टैंक का सेट, आरडीएसओ असेंबली ड्राइंग सं. सीजी–18100, वैकल्पिक संस्करण 1 या नवीनतम के अनुसार, आवश्यक वस्तु सं.–1 और वस्तु सं.–8 सेट में निम्नलिकित वस्तुए शामिल हैं। (i) वस्तु सं.–1, मात्रा – 1 नग (ii) वस्तु सं.–8 मात्रा–1 नग, आरडीएसओ असेंबली ड्राइंग सं. सीजी–18100, वैकल्पिक संस्करण–1 या नवीनतम की सभी वस्तुए प्रेतक टैंक के साथ आवश्यक हैं, सिवाय वस्तु सं. 18 के । नोटः वस्तु सं.–1 के विवरण के लिए, आरडीएसओ असेंवली ड्राइंग सं. सीजी–18101 वैकल्पिक संस्करण–1 देखें और वस्तु सं.–8 के लिए, आरडीसओ असेंबली ड्राइंग सं. सीजी–18101 वैकल्पिक संस्करण–1 का मिरर देखे। **पीएल नं.** 334305020029। **परेषितीः** एसएसई/सीबीएस/एनबीक्यूएस, एनएफआर (असम), **मात्राः** 50 सेट, **धरोहर राशिः** ₹0.00; **ई–निविदा बंद होने की तिथिः** 04–02–2026 को 14:30 बजे।

3. **ई–निविदा सं.** NB256178; दिनांकः 12-01-2026। **आइटम विवरणः** एनबीक्यू स्टोर्स डिपो के लिए 60 टन इलेक्ट्रानिक वजन मापनेवाले पुल की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। निर्माताः सार्टोरियस या समकक्ष। निर्माता/ब्रांडः माइन्बिया (पूर्वो में सार्टोरियस)। **पीएल नं.** 65320040। **परेषितीः** डीवाई.सीएमएम/डी/एनबीक्यूएस, (असम), **मात्राः** 1 नग, **धरोहर राशिः** ₹52,400/–; **ई–निविदा बंद होने की तिथिः** 30–01–2026 को 14:30 बजे।

4. **ई–निविदा सं.** NB256212; दिनांकः 12-01-2026। **आइटम विवरणः** 4.5 किलोवाट अंडर स्लंग कांस्टेंट वोल्टेज रेगुलेटेड कम इमरजेंसी बैटरी चार्जर। (आरबीसी कम ईबीसी)एलएचबी कोचों के लिए, आरडीएसओ विनिर्देश सं.: आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0183(संशोधन –2)–2024 के अनुसार, निर्माताः आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित कोई भी निर्माता। नोटः सामग्री केवल आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित विक्रेताओं के माध्यम से ही खरीदी जानी चाहिए। **पीएल नं.** 451400270022। **परेषितीः** एसएसई/एसी(पीओएस)/एनबीक्यू, एनएफआर (असम) **मात्राः** 29 नग; एसएसई/एसी/डीबीआरजी, एनएफआर (असम) **मात्राः** 12 नग; एसएसई/एसी/जीएचवाई, एनएफआर (असम) **मात्राः** 5 नग; एसएसई/ईटीएस/अगरतला, एनएफआर (त्रिपुरा) **मात्राः** 3 नग; एसएसई/ईटीएस/एससीएल, एनएफआर (असम) **मात्राः** 2 नग; एसएसई/टीएल एंड एसी/केएनई, एनएफआर (बिहार) **मात्राः** 2 नग; एसएसई/टीएल एंड एसी/एपीडीजे, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) **मात्राः** 2 नग; एसएसई/टीएल/एसी/केआईआर, एनएफआर (बिहार) **मात्राः** 3 नग; एसएसई/टीएल/एसी/केवाईक्यू, एनएफआर (असम) **मात्राः** 5 नग; एसएसई/टीएल/डीबीडब्ल्यूएस, एनएफआर (असम) **मात्राः** 15 नग; एसएसई/टीएल/एनएचएलएन, एनएफआर (अरुणाचल प्रदेश) **मात्राः** 1 नग; सीनि. सेक्शन इंजीनियर/एयर कंडीशन्ड/एनएफआर/डीबीआरटी/डब्ल्यूएस, एनएफआर (असम) **मात्राः** 15 नग; **धरोहर राशिः** ₹0.00; **ई–निविदा बंद होने की तिथिः** 04–02–2026 को 14:30 बजे।

5. **ई–निविदा सं.** NB256226; दिनांकः 12-01-2026। **आइटम विवरणः** रेलवे कोचों के बाहरी भाग पर अनुलग्नक–1 के अनुसार एलएचबी/आईसीएफ/डीईएमयू कोचों पर एंटी–ग्रेफिटी क्लियर कोट की आपूर्ति और अप्लीकेशन, जो आरडीएसओ विनिर्देशन सं. एमएंडसी/पीसीएन/127–2020 (संशोधन–2.0) या नवीनतम पैकिंग निर्दिष्ट पी 1042 के अनुरूप हो। कार्यक्षम के अनुसार विवरण शामिल है। **पीएल नं.** 611301230012। **परेषितीः** एसएसई/सीपीएस/एनबीक्यू, एनएफआर (असम), **मात्राः** 500 सेट। **धरोहर राशिः** ₹3,30,510/–; **ई–निविदा बंद होने की तिथिः** 04–02–2026 को 14:30 बजे।

6. **ई–निविदा सं.** NB256238; दिनांकः 12-01-2026। **आइटम विवरणः** इलास्टोमेरिक पैड (पूर्ण सेट) टीपंई स्प्रिंग पैड, आइटम सं. 3, 1ईडी–1014। टेनसाइल टाइट लॉक सीबीसी बैलेंस्ड ड्राफ्ट गियर के लिए, आरडीएसओ विनिर्देशन सं. आरडीएसओ/2011/सीजी–03 संशोधन–03 के अनुसार। **पीएल नं.** 331301060024। **परेषितीः** एसएसई/सीएलएस/बीजी/एनबीक्यूएस, एनएफआर (असम), **मात्राः** 100 सेट। **धरोहर राशिः** ₹1,27,270/–; **ई–निविदा बंद होने की तिथिः** 04–02–2026 को 14:30 बजे।

उपरोक्त ई–निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगी।

डीवाई. सीएमएम/डी/न्यू बंगाईगांव

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
*ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ*



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड हिसार | निविदा दस्तावेजों में वर्णित अनुसार और बरवाला हांसी के विभिन्न केन्द्रों में पीईजी गोदामों में खाद्यान्नों की लोडिंग/अनलोडिंग और हैंडलिंग के लिए श्रम ठेकेदार फर्मे/कम्पनियां/सहकारी समिति। | 23.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी रु.13,80,000/- | www.hafed.gov.in | 9812327591 dmhfdhsr@gmail.com |
| 2 | हैफेड हिसार | निविदा दस्तावेजों में वर्णित अनुसार जिलों और हैफेड बफर हिसार से विभिन्न केन्द्रों तक हैफेड उपभोक्ता उत्पादों का परिवहन। | 23.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी रु.20,000/- | www.hafed.gov.in | 9812327591 dmhfdhsr@gmail.com |
| 3 | हैफेड हिसार | निविदा दस्तावेजों में वर्णित सूची के अनुरूप विभिन्न केन्द्रों पर हिसार जिले में फर्टिलाइजर और गेहूं बीज का परिवहन और श्रम कार्य। | 23.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी रु.3,50,000/- | www.hafed.gov.in | 9812327591 dmhfdhsr@gmail.com |
| 4 | हैफेड हिसार | निविदा दस्तावेजों में वर्णित सूची के अनुसार अनसर्विसेबल/क्षतिग्रस्त बारदाना, वुडन क्रेट इत्यादि की ई-बिक्री (हिसार)। | 23.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी रु.50,000/- | www.hafed.gov.in | 9812327591 dmhfdhsr@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

संवाद–13/2026/80/42267/I/88/7 दि. 21.01.26

## खबर संक्षेप

### 28 जिलों को मिलाकर अलग राज्य बनाने की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को बांटने की मांग एक बार फिर उठी है। यूपी में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने राज्य बांटने की वकालत की तो अब अमेठी से भी यह आवाज उठी है। जिले के ददन सदन में बुधवार, 21 जनवरी 2026 को आयोजित खिचड़ी भोज एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान पृथक पूर्वांचल राज्य गठन की मांग एक बार फिर मुखर होकर सामने आई। हजारों लोग मौजूद रहे।



### बिहार की सभी बंद चीनी मिलें फिर से चालू होंगी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि बिहार की सभी बंद पड़ी चीनी मिलों को फिर से चालू किया जाएगा। इसका सीधा फायदा किसानों, मजदूरों और स्थानीय युवाओं को मिलेगा। सरकार का मकसद साफ है कि बिहार में ही रोजगार मिले और पलायन रुके। सम्राट चौधरी समृद्धि यात्रा के तहत छपरा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने आगे कहा कि अब बिहार सिर्फ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली तक सीमित नहीं है।

## यूपी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कहा

# 'एक जनपद-एक व्यंजन' होगा इस वर्ष का प्रमुख आकर्षण, हर जिले के स्वाद से परिचय कराएगा

**कार्यक्रम 24 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित होंगे**

**सीएम ने कहा कि यूपी दिवस-2026 को ऐसा आयोजन बनाया जाए**



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रदेश के प्रत्येक जनपद की सक्रिय सहभागिता, सांस्कृतिक विविधता और विकास की साझा चेतना के साथ उत्तर प्रदेश दिवस-2026 इस वर्ष एक भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 24 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास यात्रा को जनभागीदारी के माध्यम से एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश दिवस को जनोत्सव के रूप में आयोजित किया जाए, जिसमें प्रदेश की आत्मा हर स्तर पर दिखाई दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी की गरिमामयी उपस्थिति आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान प्रदान करेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं गरिमा, अनुशासन एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित की जाएं।

इस वर्ष 'एक जनपद-एक व्यंजन' को आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। इसके अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक जनपद के पारंपरिक और विशिष्ट व्यंजन एक ही परिसर में उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि आगंतुक उत्तर प्रदेश के विविध स्वाद, खान-पान परंपराओं और स्थानीय पहचान से परिचित हो सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संस्कृति उत्सव 2025-26 के अंतर्गत प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को उत्तर प्रदेश दिवस से प्रभावी रूप से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि 'हमारी संस्कृति-हमारी पहचान' की भावना के अनुरूप लोक, शास्त्रीय एवं समकालीन कला रूपों को मंच प्रदान किया जाए तथा कलाकारों एवं आगंतुकों के लिए समुचित सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 24 जनवरी को आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी जनपदों के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाए, ताकि प्रदेश की सामूहिक उपलब्धियों का सम्मान किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को ऐसा आयोजन बनाया जाए, जो प्रदेश की संस्कृति, स्वाद, शिल्प और विकास दृष्टि को एक साथ प्रस्तुत करे तथा प्रत्येक आगंतुक के लिए यह अनुभव प्रेरणादायी, स्मरणीय और गर्व का विषय बने।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा

*मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी जनपदों में किया जाएगा, ताकि उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव एक साथ पूरे प्रदेश में मनाया जा सके। बैठक में अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की थीम पर आधारित विशेष प्रदर्शनी और शिल्प मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की विकास यात्रा, नवाचार, बुनियादी ढांचे, उद्योग, कृषि, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा।*

## राज्यसभा से 30 सांसद रिटायर होंगे

# क्या राज्यसभा जाएंगे बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन? बिहार से खाली हो रहीं राज्यसभा की 5 सीटें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नितिन नवीन ने भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर मंगलवार को काम संभाल लिया। आते ही वो काम पर भी लग गए। पहला फैसला केरल विधानसभा और कुछ निगम चुनावों के लिए प्रभारियों और सह प्रभारियों की नियुक्ति का किया। आज वो प्रदेश अध्यक्षों, संगठन महासचिवों और राज्य प्रभारियों से दिन भर की बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। जल्दी ही नितिन नवीन चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल का दौरा भी करेंगे। लेकिन प्रश्न यह उठ रहा है कि क्या वे दो फरवरी से शुरू हो रहे बिहार विधानसभा के बजट सत्र में हिस्सा लेंगे? यह सवाल इसलिए क्योंकि चाहे उन्होंने नीतीश सरकार से मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया हो लेकिन वे बांकीपुर विधानसभा सीट से बीजेपी के विधायक अब भी बने हुए हैं। जब तक वह विधायक बने रहेंगे, उन्हें विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए पटना का दौरा भी करते रहना होगा।

वैसे अगर पार्टी चाहे तो उन्हें आसानी से राज्यसभा में ला सकती है ताकि वो दिल्ली में रहते हुए ही अपनी पूरी ऊर्जा और समय बीजेपी के संगठन के कामों में लगा सकें। इसी साल अप्रैल में बिहार से राज्यसभा की पांच सीटें खाली हो रही हैं। बिहार से राज्य सभा का गणित पूरी तरह से एनडीए के पक्ष में है। पांच में से चार सीटों पर एनडीए की जीत तय है। इनमें से दो सीटें जेडीयू के खाते में जाएंगी और दो बीजेपी के खाते में पांचवी सीट भी एनडीए जोर लगाए तो उसके खाते में आ सकती है। ऐसे में नितिन नवीन का बिहार से राज्य सभा आना कोई मुश्किल काम नहीं है। उन्हें दिल्ली में जो सरकारी घर दिया गया है वह भी संसद भवन के बहुत पास है। ऐसे में वे संसद और बीजेपी मुख्यालय आसानी से आ-जा सकते हैं। यही नहीं, इस साल बीजेपी के राज्य सभा से 30 सांसद रिटायर हो रहे हैं और कम से कम 33 सीटें वह जीत सकती है। ऐसे में बिहार नहीं तो किसी अन्य राज्य से भी नवीन को आसानी से राज्य सभा लाया जा सकता है।

## पेज एक का शेष

### दावोसः आईएमएफ ने ...

है और विभिन्न सेक्टरों में डिप्लॉय कर रहा है, जिससे प्रोडक्टिविटी, एफिशिएंसी और टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल हो रहा है। अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'एप्लिकेशन लेयर में भारत दुनिया को सबसे बड़ा सर्विस प्रोवाइडर बनेगा. एंटरप्राइज के बिजनेस को समझकर एआई एप्लिकेशन से सर्विस देगा, यहीं से सबसेज्यादा आरओआई आएगा। भारत का फोकस एआई को बड़े पैमाने पर डिफ्यूज (फैलाने) पर है, न कि सिर्फ स्केल पर। वैष्णव ने व्यावहारिक डिप्लॉयमेंट पर फोकस किया, जहां भारतीय कंपनियां बिजनेस ऑपरेशंस समझकर एआई सॉल्यूशंस देती हैं। सरकार की भूमिका एआई के डिफ्यूजन को अर्थव्यवस्था में फैलाने पर केंद्रित है। भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में इस प्रगति को जोड़ रहा है।

**भारत को पहले ग्रुप में रखने पर जोर :** वैष्णव ने भारत को पहले ग्रुप में रखने पर जोर दिया। स्टैनफोर्ड की 2025 एआई इंडेक्स और ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार भारत एआई वाइब्रेंसी में तीसरे स्थान पर है। इसका स्कोर 21.59 है। पहले नंबर पर अमेरिका का स्कोर 78.6 है और दूसरे नंबर पर मौजूद चीन का स्कोर 36.95 है. रिपोर्ट में भारत को एआई टैलेंट एक्विजिशन में विश्व में नंबर 1 बताया गया है, जहां 2024 में हायरिंग ग्रोथ 33.4 फीसदी रही। लंबे समय (2015-2024) में एआई स्किल पेनेट्रेशन में भारत दूसरे स्थान पर है।

### भारतीय संस्कृति ...

भारतीय समाज के लिए आध्यात्मिक जगत का पथप्रदर्शक है। इसकी शुरुआत से लेकर आज तक 'कल्याण' का हर शब्द, हर वाक्य और हर अंक सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि 1950 के दशक में जब देश में पाश्चात्य प्रभाव वाली नीतियां आकार ले रही थीं, उस समय 'कल्याण' के 'हिंदू संस्कृति अंक' ने राष्ट्र को वैचारिक दिशा दी। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गीता प्रेस ने चार पीढ़ियों तक बिना किसी समझौते के भारतीय ज्ञान परंपरा को जन-जन तक पहुंचाया। उपनिषदों की मीमांसा से लेकर योग, नारी और हिंदू संस्कृति जैसे विशेषांकों के माध्यम से 'कल्याण' ने समाज में चेतना जागृत की। उन्होंने कहा कि यह पत्रिका बताती है कि सभ्यताएं तलवार से नहीं, बल्कि शब्दों और ज्ञान से खड़ी होती हैं, और वही शब्द प्रभावी होते हैं जिनमें सत्य और सत्व का प्रकाश होता है। अमित शाह ने कहा कि गीता प्रेस ने कभी प्रचार या धन संग्रह को प्राथमिकता नहीं दी, क्योंकि इसका उद्देश्य व्यक्ति-केन्द्रित नहीं, बल्कि विचार-केन्द्रित रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि महात्मा गांधी ने भी 'कल्याण' में विज्ञापन न छापने की सलाह दी थी, जिसे आज तक निभाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि बीते 11 वर्षों में युवाओं में बड़ा गुणात्मक परिवर्तन आया है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकालेश्वर व केदारनाथ पुनरुद्धार, बद्रीनाथ धाम विकास और देशभर के तीर्थों की पुनर्जागृति इसका प्रमाण हैं।

### लोक सभा अध्यक्ष ने ...

चर्चा और संवाद की संस्कृति को सुदृढ़ करना होगा।उन्होंने सभी दलों के नेताओं व सदस्यों से सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग देने की अपील की तथा कहा कि लोकतंत्र में लोक सर्वोपरि है, और जनता के प्रति हमारी जवाबदेही केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि हर दिन और हर क्षण है। बिरला ने कहा कि पीठासीन अधिकारी केवल कार्यवाही संचालित करने वाले नहीं होते, बल्कि वे संविधान के प्रहरी और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के संरक्षक होते हैं। उनकी निष्पक्षता, संवेदनशीलता और दृढ़ता ही सदन की दिशा तय करती है।

इससे पहले उत्तर प्रदेश विधान भवन, लखनऊ में 19 से 21 जनवरी तक आयोजित 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में समापन भाषण देते हुए बिरला ने कहा कि विधायिका को अधिक प्रभावी, जनोपयोगी और उत्तरदायी बनाने के लिए एक 'राष्ट्रीय विधायी सूचकांक' तैयार किया जाएगा, जिससे देशभर के विधानमंडलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, संवाद की गुणवत्ता और कार्यकुशलता में वृद्धि हो सके। उन्होंने इस संबंध में एक समिति के गठन की जानकारी भी दी। बिरला ने कहा कि राज्य विधान मंडलों में प्रति वर्ष न्यूनतम 30 बैठकें सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि विधानमंडल जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का एक प्रभावी मंच बन सकें।

### इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं ...

संघर्षों का बच्चों पर प्रभाव विषयक ऐतिहासिक अध्ययन का नेतृत्व किया, जिसने विश्व स्तर पर बाल अधिकारों की बहस को नई दिशा दी। ग्रासा माशेल 'द एल्डर्स' की संस्थापक सदस्यों में से एक हैं और 'नॉट ब्राइड्स' जैसी वैश्विक पहल से भी जुड़ी रही हैं। वे संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सतत विकास लक्ष्यों के लिए एडवोकेसी समूह की सदस्य रही हैं और अफ्रीका चाइल्ड पॉलिसी फोरम की संरक्षक भी हैं। महिलाओं और किशोरियों के कल्याण में योगदान के लिए उन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन का गोल्ड मेडल सहित कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट ने कहा कि ग्रासा माशेल का जीवन और कार्य इंदिरा गांधी के उन मूल्यों को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करता है, जिनमें शांति, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास सर्वोपरि हैं। यह पुरस्कार उनके कार्यों के माध्यम से एक अधिक न्यायसंगत और समतामूलक विश्व के निर्माण की प्रेरणा देता है। पुरस्कार प्रदान करने का औपचारिक समारोह शीघ्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।




दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

# यातायात निर्देशिका

यातायात पुलिस दिल्ली



**फुल ड्रेस रिहर्सल 23 जनवरी, 2026 | प्रातः 10:30 बजे से**

**परेड का मार्ग** विजय चौक – कर्तव्य पथ – 'सी'-हेक्सागन – आर/ए नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा – तिलक मार्ग – बहादुर शाह जफर मार्ग – नेताजी सुभाष मार्ग – लाल किला

गणतंत्र दिवस समारोह-2026 के संबंध में 23 जनवरी 2026 को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। रिहर्सल का वही रूट होगा जो गणतंत्र दिवस पर परेड का होता है। परेड रिहर्सल 23.01.2026 को सुबह 1030 बजे विजय चौक से शुरू होगी और लाल किले तक जाएगी। मार्ग पर परेड के सुचारू संचालन के लिए व्यापक यातायात व्यवस्था और प्रतिबंध होंगे।

**यातायात प्रतिबंध** परेड के सुचारू मार्ग को सुविधाजनक बनाने के लिए, परेड के मार्ग की ओर जाने वाली कुछ सड़कों पर यातायात की आवाजाही निम्नानुसार प्रतिबंधित रहेगी:

(1). 22.01.2026 को शाम 6 बजे से परेड खत्म होने तक विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्यपथ पर कोई यातायात का आवागमन नहीं होगा। (2). 22.01.2026 को 2300 बजे से रफी मार्ग, जनपथ, मान सिंह रोड पर परेड समाप्त होने तक कर्तव्यपथ पर कोई क्रॉस ट्रैफिक नहीं होगा। (3). 'सी'- हेक्सगन-इंडिया गेट 23.01.2026 को सुबह 09:15 बजे से परेड के तिलक मार्ग पार होने तक यातायात के लिए बंद रहेगा। (4). 23.01.2026 को सुबह 1030 बजे से तिलक मार्ग, बीएसजेड मार्ग और सुभाष मार्ग पर दोनों दिशाओं में यातायात की अनुमति नहीं होगी। परेड की आवाजाही के आधार पर ही क्रॉस ट्रैफिक की अनुमति दी जाएगी।
सड़क उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे तदनुसार अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और अपनी सुविधा के लिए 0930 बजे से 1300 बजे तक परेड के मार्ग से बचें।

**सुझाए गए मार्ग** हालाँकि, यदि यात्रा अपरिहार्य है, तो सड़क उपयोगकर्ताओं को निम्नलिखित मार्ग अपनाने की सलाह दी जाती है:

**उत्तर-दक्षिण कोरीडोर:**
- रिंग रोड - आश्रम चौक - सराय काले खां - आई.पी. फ्लाईओवर - राजघाट - रिंग रोड
- मदरसा से लोधी रोड 'टी' पॉइंट - अरबिंदो मार्ग - एम्स चौक - रिंग रोड - धौला कुआं - वंदे मातरम् मार्ग - शंकर रोड - पार्क स्ट्रीट या मंदिर मार्ग।

**पूर्व-पश्चिम कोरीडोर:**
- रिंग रोड - भैरों रोड - मथुरा रोड - लोधी रोड - अरबिंदो मार्ग - एम्स चौक - रिंग रोड - धौला कुआं - वंदे मातरम् मार्ग - शंकर रोड - पार्क स्ट्रीट या मंदिर मार्ग।
- रिंग रोड - बुलेवार्ड रोड - बर्फ खाना चौक - रानी झाँसी फ्लाईओवर - फैज़ रोड - वंदे मातरम् मार्ग - आर/ए शंकर रोड। ● रिंग रोड - आईएसबीटी - चंदगी राम अखाड़ा - आईपी कॉलेज - माल रोड - आजादपुर - पंजाबी बाग।

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए:**
- **दक्षिणी दिल्ली से:** धौला कुआं - वंदे मातरम् मार्ग - पंचकुइयां रोड - आउटर सर्कल कनॉट प्लेस - पहाड़ गंज की ओर के लिए चेम्सफोर्ड रोड या अजमेरी गेट की ओर के लिए - मिंटो रोड - भवभूति मार्ग।
- **पूर्वी दिल्ली से:** आईएसबीटी ब्रिज के माध्यम से बुलेवार्ड रोड - रानी झाँसी फ्लाईओवर - आर/ए झंडेवालान - डी.बी. गुप्ता रोड - शीला सिनेमा रोड - पहाड़ गंज ब्रिज और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुंचें।

**पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए:**
- **दक्षिणी दिल्ली से:** रिंग रोड - आश्रम चौक - सराय काले खां - रिंग रोड - राजघाट - रिंग रोड - चौक यमुना बाजार - एस.पी. मुखर्जी मार्ग - छत्ता रेल - कोडिया ब्रिज और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुंचें।

हालांकि उत्तरी दिल्ली से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले लोगों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं होगा, फिर भी यह सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और संभावित देरी से बचने के लिए अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त अतिरिक्त समय लेकर चलें।

**बस समाप्ति स्थान** सिटी बस सेवाओं की आवाजाही निम्नलिखित बिंदुओं पर समाप्त की जाएगी:
1. पार्क स्ट्रीट/उद्यान मार्ग 2. आराम बाग रोड (पहाड़ गंज) 3. राउन्ड अबाउट कमला मार्केट 4. दिल्ली सचिवालय (आईजी स्टेडियम) 5. प्रगति मैदान (भैरों रोड) 6. हनुमान मंदिर (यमुना बाजार) 7. मोरी गेट 8. आईएसबीटी कश्मीरी गेट 9. आईएसबीटी सराय काले खां 10. तीस हजारी कोर्ट

**अंतरराज्यीय बसें**
(i) गाजियाबाद से शिवाजी स्टेडियम जाने वाली बसें एनएच-24, रिंग रोड से होकर भैरों रोड पर समाप्त होंगी। (ii) एनएच-24 से आने वाली बसें रोड नंबर 56 पर दाहिनी ओर मुड़ेंगी और आईएसबीटी आनंद विहार पर समाप्त होंगी। (iii) गाजियाबाद की ओर से आने वाली बसों को मोहन नगर से वजीराबाद ब्रिज के लिए भोपरा चुंगी की ओर मोड़ दिया जाएगा। (iv) धौला कुआं की ओर से आने वाली सभी अंतरराज्यीय बसें धौला कुआं पर समाप्त हो जाएंगी।

**मेट्रो सेवाएँ** 23 जनवरी, 2023 को फुल ड्रेस रिहर्सल समारोह के दौरान सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध रहेगी।

**एचटीवी/एमजीवी/एलजीवी** 22.01.2026 को 2100 बजे से 23.01.2026 को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल समाप्त होने तक किसी भी एचटीवी/एमजीवी/एलजीवी को दिल्ली की सीमाओं में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर)। इन वाणिज्यिक वाहनों को आगे की यात्रा के लिए दिल्ली की निम्नलिखित अंतर-राज्यीय सीमाओं से डायवर्ट किया जाएगा: -

**गाजियाबाद:** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की मुख्य परेड से पूर्व दिनांक 23.01.2026 को कर्तव्य पथ, दिल्ली में रिहर्सल परेड का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसके सुरक्षित समापन को सुनिश्चित करने के लिए, कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा दिनांक 22.01.2026 को रात्रि 20:00 बजे से 23.01.2026 को कार्यक्रम समाप्ति तक निम्नलिखित मार्गों से गाजियाबाद सीमा से दिल्ली में सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहनों (हल्के/मध्यम/भारी) के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। डायवर्जन निम्न प्रकार से किया जायेगा: 1.) यूपी गेट/गाजीपुर बॉर्डर 2.) दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे यूपी गेट/गाजीपुर बॉर्डर 3.) महाराज पुर/आनंद विहार बॉर्डर 4.) सीमा पुरी बॉर्डर 5.) डीएलएफ भोपुरा बॉर्डर 6.) लोनी बॉर्डर 7.) ईडीएम मॉल रोड 8.) सूर्य नगर शाहदरा बॉर्डर 9.) तुलसी निकेतन बॉर्डर 10.) सेवाधाम चौकी तिराहा 11.) अंकुर विहार बॉर्डर 12.) सभापुर तिराहा

**फरीदाबाद:** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर दिनांक 22.01.2026 समय 09.00 बजे से 23.01.2026 समय 01.30 बजे तक फरीदाबाद एवं दिल्ली में सभी व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी परिवहन एवं वाणिज्यिक वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।
✓उत्तर प्रदेश और पलवल से आने वाले सभी भारी वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग केजीपी/केएमपी का उपयोग करना चाहिए। बदरपुर बॉर्डर, प्रह्लादपुर शूटिंग रेंज, मांगर होते हुए छतरपुर जाने वाली दुर्गा बिल्डर रोड आदि समेत फरीदाबाद-दिल्ली की सभी सीमाओं पर प्रवेश वर्जित रहेगा।
✓राष्ट्रीय राजमार्ग पर किनारों पर भारी वाहन पार्क करने से यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की साइड पार्किंग वर्जित है। उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।
निम्नलिखित स्थानों पर यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस द्वारा नाकाबंदी की जायेगी:
1.) नाका सूरज कुंड चौक 2.) नाका दुर्गा बिल्डर 3.) नाका जेसीबी चौक 4.) नाका बदरपुर बॉर्डर 5.) नाका मंगर चौकी 6.) नाका सीकरी एनएच-19 7.) दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे मीठापुर दिल्ली के पास

**गौतमबुद्ध नगर:** विषय के संबंध में सूचित किया जाता है कि पिछले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में यातायात व्यवस्थाएं एवं 2026 हेतु प्रस्तावित व्यवस्थाएं इस प्रकार हैं:
1.) नोएडा से दिल्ली में प्रवेश करने की सीमाएँ कालिंदी, डीएनडी, चिल्ला, न्यू अशोक नगर, वसुंधरा, झुंडपुरा और हरिदर्शन हैं। 2.) नोएडा से दिल्ली की यात्रा के लिए मुख्य रूप से कालिंदी, डीएनडी और चिल्ला बॉर्डर पर यातायात पुलिस कर्मियों को तैनात करके यातायात का प्रबंधन किया जाता है। इसके अलावा, न्यू अशोक नगर, झुंडपुरा और हरिदर्शन में सिविल पुलिस को आवश्यक सहयोग दिया जाता है।
**गणतंत्र दिवस 2025 पर गौतमबुद्ध नगर ट्रैफिक पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई:** 1.) दिल्ली में महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदुओं चिल्ला रेड लाइट, डीएनडी और कालिंदी कुंज बॉर्डर पर यातायात पुलिस तैनात करके यातायात का प्रबंधन किया गया। 2.) इन सीमा बिंदुओं पर यातायात ड्यूटी के दौरान कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई। 3.) भारी मालवाहक वाहनों को इन सीमा बिंदुओं से डायवर्ट किया गया और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से उनके गंतव्य तक भेजा गया।
**गणतंत्र दिवस 2026 के लिए यातायात पुलिस कार्य योजना:** दिल्ली पुलिस से प्राप्त निर्देशों के आधार पर 22 और 23 जनवरी 2026 को ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा।
दिल्ली से गौतमबुद्ध नगर तक की सीमाएँ: कालिंदी, डीएनडी, चिल्ला, न्यू अशोक नगर, वसुंधरा, झुंडपुरा और हरिदर्शन। ज्यादातर भारी मालवाहक वाहन कालिंदी, डीएनडी और चिल्ला बॉर्डर से होकर दिल्ली राज्य में प्रवेश करते हैं।
1.) सुचारू यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत गौतमबुद्ध नगर से दिल्ली राज्य में मालवाहक वाहनों (भारी, मध्यम एवं हल्के) का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस की ओर से पहले ही एडवाइजरी जारी की जाएगी। 2.) यातायात प्रबंधन के लिए गौतमबुद्ध नगर जिले से दिल्ली सीमा में प्रवेश करने वाले महत्वपूर्ण मार्गों - चिल्ला रेड लाइट बॉर्डर, डीएनडी बॉर्डर, कालिंदी कुंज बॉर्डर पर ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाएगी। 3.) चिल्ला रेड लाइट (सीमा) से दिल्ली राज्य में प्रवेश करने वाले और अन्यत्र जाने वाले वाहन चिल्ला रेड लाइट से यू-टर्न लेंगे और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगे। 4.) डीएनडी (सीमा) से दिल्ली राज्य में प्रवेश करने वाले और अन्यत्र जाने वाले वाहन डीएनडी टोल प्लाजा से यू-टर्न लेंगे और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ेंगे। 5.) कालिंदी कुंज यमुना (सीमा) से दिल्ली राज्य में प्रवेश करने वाले और अन्यत्र जाने वाले वाहनों को यमुना नदी से पहले अंडरपास तिराहा से डायवर्ट किया जाएगा और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया जाएगा। 6.) यमुना एक्सप्रेस-वे से दिल्ली राज्य की ओर जाने वाले मालवाहक वाहनों को जीरो प्वाइंट से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे की ओर डायवर्ट किया जायेगा। 7.) मुख्य सड़क पर कोई वाहन खड़ा न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस क्यूआरटी टीम तैनात की जाएगी। 8.) विशेष परिस्थितियों में वाहनों को मुख्य मार्गों से हटाकर कुछ समय के लिए चिल्ला-शनि मंदिर रोड, पुस्ता रोड सेक्टर 94 और सेक्टर 44 सर्विस रोड पर पार्क किया जाएगा। 9.) सुरक्षा कारणों से नोएडा स्थित डीएमआरसी मेट्रो स्टेशनों - बॉटनिकल गार्डन, सिटी सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, बर्ड सेंचुरी पर पार्किंग खाली कराई जाएगी और बंद कर दी जाएगी। 10.) ट्रैफिक सलाह और अपडेट ट्विटर, फेसबुक और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से या ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क करके प्रदान किया जाएगा।




**गुड़गाँव:** 22.01.2026 को 2100 बजे से 23.01.2026 को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल समाप्त होने तक किसी भी एचटीवी/एमजीवी/एलजीवी को (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित सीमा बिंदुओं से डायवर्जन किया जाएगा: 1.) रजोकरी 2.) कापसहेड़ा 3.) आया नगर 4.) बजघेरा

**द्वारका-हरियाणा सीमा:** गणतंत्र दिवस-2026 समारोह के मद्देनजर, 23.01.2026 को रिहर्सल परेड और 26.01.2026 को अंतिम परेड कर्तव्य पथ, दिल्ली में आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसे सुरक्षित संपन्न कराने के लिए कानून-व्यवस्था एवं यातायात की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सीमाओं पर ट्रैफिक डायवर्जन प्रभावी रहेगा। इसलिए, सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहनों (हल्के/मध्यम/भारी) को 2200 बजे (22.01.2026) से 1330 बजे (23.01.2026) तक दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित सीमाओं में किया जायेगा डायवर्जन:-
**मुख्य सीमाएँ:** 1.) टिकरी बॉर्डर 2.) झारोदा बॉर्डर 3.) ढांसा बॉर्डर 4.) दरौला बॉर्डर
**आंतरिक सड़क/ग्राम सीमाएँ:** 1.) झटिकरा बॉर्डर 2.) नानाखेड़ी/बड़ुसरिया बॉर्डर 3.) सुरखपुर बॉर्डर
**बहादुरगढ़ हरियाणा क्षेत्र में डायवर्जन योजना:** 1.) टी-प्वाइंट सेक्टर-9, बहादुरगढ़ से बहादुरगढ़ बाईपास और केएमपी एक्सप्रेसवे 2.) बहादुरगढ़ बाईपास से केएमपी एक्सप्रेसवे तक यू-टर्न 3.) केएमपी एक्सप्रेसवे से केएमपी एक्सप्रेसवे के पास
**गुरुग्राम हरियाणा क्षेत्र में डायवर्जन योजना:** 1.) लोहट गांव से गुरुग्राम-बादाली रोड 2.) धरमपुर चौक, सेक्टर-108, गुरुग्राम से गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस वे 3.) बाबूपुर चौक, सेक्टर-108, गुरुग्राम से द्वारका एक्सप्रेस वे
**झज्जर:** 22.01.2026 को 2100 बजे से 23.01.2026 को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल समाप्त होने तक किसी भी एचटीवी/एमजीवी/एलजीवी को (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित सीमा बिंदुओं से डायवर्जन किया जाएगा: 1.) धनसा 2.) झारोदा 3.) टिकरी
**सोनीपत:** 22.01.2026 को 2100 बजे से 23.01.2026 को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल समाप्त होने तक किसी भी एचटीवी/एमजीवी/एलजीवी को (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित सीमा बिंदुओं से डायवर्जन किया जाएगा: 1.) औचंदी 2.) सिंघु
किसी भी एचटीवी/एमजीवी/एलजीवी को 23.01.2026 को 0730 बजे से 1330 बजे तक आईएसबीटी सराय काले खां और आई.एस.बी.टी. कश्मीरी गेट के बीच रिंग रोड पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**टीएसआर/टैक्सी:** 23.01.2026 को 0700 बजे के बाद किसी भी टीएसआर और टैक्सी को निम्नलिखित क्षेत्र में प्रवेश करने या चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी:
**मदर टैरेसा क्रिसेंट - बाबा खड़क सिंह मार्ग - अशोक रोड आर/ए पटेल चौक तक - संसद मार्ग टॉलस्टॉय मार्ग तक - टॉलस्टॉय मार्ग कस्तूरबा गांधी मार्ग तक - कस्तूरबा गांधी मार्ग फिरोजशाह रोड तक - फिरोजशाह रोड आर/ए मंडी हाउस तक - भगवान दास रोड - मथुरा रोड - सुब्रमण्यम भारती मार्ग - हुमायूं रोड - ए.पी.जे अब्दुल कलाम मार्ग - कमल अतातुर्क मार्ग - कौटिल्य मार्ग और सरदार पटेल रोड (छोड़कर)।**

**आम जनता के लिए निर्देश** यदि कोई अज्ञात या संदिग्ध वस्तु / व्यक्ति दिखाई देता है, तो ड्यूटी पर निकटतम पुलिसकर्मी को जानकारी दी जानी चाहिए।
पैरा-ग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट विमान, दूर से संचालित विमान, गर्म हवा के गुब्बारे, छोटे आकार के संचालित विमान, क्वाड कॉप्टर या विमान से पैरा जंपिंग आदि जैसे उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों की उड़ान 01.02.2026 तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अधिकार क्षेत्र पर प्रतिबंधित है।

DP/9843/2026

अधिक जानकारी हेतु आम जनता और वाहन चालक दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की वैबसाइट देखें : https://traffic.delhipolice.gov.in

ट्रैफिक प्रहरी बनें | ऐप डाउनलोड करें Download on the App Store | GET IT ON Google Play | 24 घंटे यातायात हेल्पलाइन: 011-25844444/1095 | @ dtptraffic | @dtptraffic | @dtptraffic | 8750871493



# विंटर सीजन में एक्सरसाइज सावधानी बरतना है जरूरी

फिट रहने के लिए हर सीजन में एक्सरसाइज करना जरूरी है। लेकिन ज्यादा ठंड के दिनों में एक्सरसाइज करने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर हृदय और श्वसन संबंधी रोगियों को एक्सरसाइज से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

प्रिकॉशन
शिखर चंद जैन



सर्दियों में वर्कआउट, मॉर्निंग वॉक आदि करना चाहिए या नहीं, इस बारे में कुछ लोग असमंजस में रहते हैं। वास्तव में इन दिनों व्यायाम करना या न करना कई शारीरिक या वातावरण की स्थिति पर निर्भर करता है। सामान्य स्वस्थ व्यक्तियों के लिए यह जरूरी और फायदेमंद है, लेकिन कुछ विशेष स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोगों के लिए यह जोखिम भरा हो सकता है। दरअसल, सर्दियों में सुबह बहुत अधिक ठंड, कोहरा और प्रदूषण भी ज्यादा रहता है। इस वजह से घर के बाहर निकलना हानिकारक हो सकता है। दिक्कत यह है कि एक तरफ शरीर की जकड़न को दूर करने के लिए व्यायाम की आवश्यकता होती है, वहीं शरीर के विभिन्न अंगों पर ज्यादा दबाव नही पड़े इसका ध्यान रखना भी जरूरी होता है।

## इसलिए है फायदेमंद

सर्दी के मौसम में शारीरिक तौर पर सक्रिय रहना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। लेकिन जोड़ों के स्वास्थ्य के लिहाज से ऐसा करना विशेष रूप से लाभकारी होता है। सर्दियों में नियमित व्यायाम, जोड़ों की अकड़न को दूर करने, हड्डियों को मजबूत बनाने, वजन नियंत्रित करने और दर्द से राहत दिलाने में मददगार हो सकता है। चाहे आप घर के अंदर की गतिविधियां पसंद करें या बाहरी गतिविधियों में भाग लें। जरूरी है कि आप नियमित तौर पर व्यायाम करें और अपनी क्षमताओं और रुचियों के अनुसार शारीरिक गतिविधियां चुनें।

## हो सकते हैं कुछ रिस्क

**हृदय पर अतिरिक्त दबाव:** 'अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन' के अनुसार, ठंडे तापमान में धमनियां सिकुड़ जाती हैं जिससे रक्तचाप बढ़ जाता है। ऐसे में हैवी एक्सरसाइज, जैसे कि तेज दौड़ना, स्किपिंग आदि दिल पर ज्यादा दबाव डाल सकते हैं, जो हृदय रोगों से ग्रस्त लोगों के लिए दिल के दौरे का कारण बन सकता है।

**श्वसन संबंधी समस्याएं:** ठंडी और शुष्क हवा, फेफड़ों के वायुमार्ग को सिकोड़ सकती है। शोध बताते हैं कि इससे 'एक्सरसाइज-इंड्यूस्ड ब्रोंकोस्पज्म हो सकता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई, खांसी और सीने में जकड़न होती है। साथ ही सर्दियों में 'इनवर्जन' के कारण प्रदूषित हवा जमीन के करीब रहती है। बाहर वर्कआउट करते समय इन बारीक कणों को सांस के जरिए अंदर लेना फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे अस्थमा अटैक हो सकता है।

**हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट:** यदि आप हैवी वर्कआउट करके पसीने से भीग जाते हैं और वातावरण का तापमान बहुत कम है, तो शरीर की गर्मी तेजी से कम होती है। इससे 'हाइपोथर्मिया' (शरीर का तापमान खतरनाक रूप से गिरना) का खतरा बढ़ जाता है।

**मांसपेशियों में खिंचाव:** ठंड में मांसपेशियां अधिक सख्त होती हैं। बिना उचित वॉर्म-अप के एक्सरसाइज करने से लिगामेंट इंजरी और मांसपेशियों में खिंचाव का खतरा बढ़ जाता है।

## सुरक्षित रहने के उपाय

- यदि आप हृदय रोग या अस्थमा से पीड़ित हैं, तो सर्दियों में बाहरी वातावरण में व्यायाम शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह अवश्य कर लें।
- इन दिनों कई लेयर के कपड़े पहनें। पहले पसीना सोखने वाले सिंथेटिक कपड़े पहनें, फिर ऊनी ड्रेस पहनें।
- एक्सरसाइज से पहले घर के अंदर कम से कम 10-15 मिनट वॉर्मअप करें। 5-10 मिनट तक हल्की स्ट्रेचिंग या कार्डियो एक्सरसाइज करें ताकि आपका शरीर सक्रिय हो जाए और मांसपेशियां अधिक हैवी व्यायाम के लिए तैयार हो जाए।
- प्यास न लगने पर भी पानी पिएं, हाइड्रेटेड रहना जरूरी है। ठंडी हवाओं से शरीर में पानी की कमी हो सकती है, इसलिए व्यायाम से पहले, दौरान और बाद में पर्याप्त पानी पीना सुनिश्चित करें।
- नाक से सांस लें, इससे हवा फेफड़ों तक पहुंचने से पहले गर्म और नम हो जाती है।
- हमेशा किसी भी एक्सपर्ट से पहले आप अपने शरीर की सुनें और अगर आपको बहुत ठंड लग रही हो या थकान महसूस हो रही हो तो आराम करें। *

(फिटनेस ट्रेनर पंकज सिंह से बातचीत पर आधारित)

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. सतीश विरमानी
जनरल फिजिशियन
नई दिल्ली

सर्दी के मौसम में भी शरीर को पर्याप्त हाइड्रेशन की जरूरत होती है। इसके लिए पानी और अन्य प्रकार के लिक्विड पीते रहना जरूरी है। ऐसा ना करने पर आपको कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। ये प्रॉब्लम्स कौन सी हैं, हाइड्रेशन की कमी के क्या लक्षण हैं और सर्दियों में शरीर को हाइड्रेटेड कैसे रख सकते हैं, आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# सर्दी के मौसम में कम पानी पीना हेल्थ के लिए हो सकता है हार्मफुल



हम में से अधिकतर लोग ठंड के मौसम में आमतौर पर पानी तब पीते हैं, जब हमको प्यास लगती है। लेकिन ऐसा करना हमारी हेल्थ के लिए हार्मफुल हो सकता है! ठंड के मौसम में अधिकतर लोग पानी पीने से दूरी बना लेते हैं और उनकी यह लापरवाही शरीर में पानी की कमी पैदा कर देती है, जिससे दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है।

## बढ़ता है डिहाइड्रेशन का रिस्क

हमें याद रखना चाहिए कि सर्दियों में भी शरीर को उतनी ही पानी की जरूरत होती है, जितनी गर्मियों में होती है। सर्दियों में कम पानी पीने से हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, हाई बीपी जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। सर्दियों में हमारा शरीर हमें प्यास का संकेत तब देता है, जब उसे पानी की कमी महसूस होने लगती है। यही वजह है कि ठंड के मौसम में डिहाइड्रेशन का ज्यादा रिस्क होता है।

## सर्दियों में डिहाइड्रेशन के लक्षण

ठंड के मौसम में जब शरीर में पानी की कमी बढ़ने लगती है, तो इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं।

- त्वचा का बार-बार सूखना या त्वचा पर रूखापन आना।
- होंठ फटना और आंखों में जलन होना।
- यूरीन का रंग सामान्य से गहरा होना।
- बिना किसी अन्य वजह के सिरदर्द और थकान होना।
- नींद पूरी न होना, काम में ध्यान केंद्रित न होने की समस्या।
- मसल्स में खिंचाव और दर्द महसूस होना।
- बालों का अधिक झड़ना।
- बिना कोई श्रम किए थकान महसूस होना।

अगर इनमें से कोई भी लक्षण महसूस हो तो तुरंत पानी, नारियल पानी या फलों का रस पीकर खुद को हाइड्रेट करें।

## गंभीर डिहाइड्रेशन के परिणाम



अगर सर्दी के मौसम में आप बहुत कम पानी पीते हैं तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

**हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक:** ठंड के मौसम में शरीर में जब पानी की मात्रा बहुत कम हो जाती है तो ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है। इससे दिल और दिमाग तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती, जो गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। सर्दियों में कम पानी पीने से गंभीर डिहाइड्रेशन होने पर खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे हार्ट और किडनी पर दबाव बढ़ता है। ऐसे में ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। हार्ट रेट असामान्य हो सकती है और शरीर के सभी अंगों में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है। सबसे खतरनाक कंडीशन में ऑर्गन फेल्योर हो सकता है। ऐसे में ट्रीटमेंट न कराए जाने पर धीरे-धीरे सभी अंग काम करना बंद कर सकते हैं।

**किडनी स्टोन और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन:** सर्दियों में पर्याप्त पानी न पीने का सीधा असर किडनी और यूरिनरी सिस्टम पर भी पड़ता है। इससे किडनी स्टोन बनने और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन यानी (यूटीआई) का खतरा बढ़ जाता है। सर्दियों में जब शरीर को पर्याप्त पानी नहीं मिलता, तो यूरीन गाढ़ा हो जाता है। गाढ़े यूरीन में मौजूद मिनरल्स आसानी से बाहर नहीं निकल पाते, जिससे किडनी में पथरी बनने लगती है। वहीं, कम पेशाब होने से बैक्टीरिया यूरिनरी ट्रैक्ट में जमा हो सकते हैं, जिससे यूटीआई का खतरा बढ़ जाता है। किडनी स्टोन के लक्षणों में कमर या पेट के निचले हिस्से में तेज दर्द, पेशाब में जलन, खून आना और मितली या उल्टी की समस्या हो सकती है। वहीं यूटीआई होने पर बार-बार पेशाब आना, पेशाब करते समय जलन, बदबूदार या गाढ़ा यूरीन और फीवर भी हो सकता है।

## सर्दियों में कितना पानी पीना होता है जरूरी

सर्दियों में शरीर को उतने ही पानी की जरूरत होती है, जितनी गर्मियों में होती है। हमारे शरीर का लगभग 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पानी से बना है, जो टॉक्सिन को बाहर निकालने, शरीर का तापमान कंट्रोल में रखने और पाचन को सही रखने में मदद करता है। इसलिए ठंड के मौसम में भी रोज कम से कम 2 से 2.5 लीटर पानी पीना जरूरी होता है।

## ऐसे पूरी करें दैनिक शारीरिक पानी की जरूरत



सर्दियों में सिर्फ पानी के जरिए शरीर को हाइड्रेटेड रखना मुश्किल होता है। इसलिए इस मौसम में हरी सब्जियां और मौसमी फलों को डाइट में शामिल करके भी शरीर को हाइड्रेटेड रखा जा सकता है क्योंकि इनमें पानी की मात्रा अधिक होती है। सर्दियों में गुनगुने पानी के अलावा हर्बल चाय जैसे तुलसी, इलायची, अदरक, लेमन या सौंफ की चाय, हल्दी वाला दूध, गुनगुना नारियल पानी, सब्जियों और फलों का रस या गर्म सूप से भी शरीर को हाइड्रेट रखा जा सकता है। सर्दियों में अगर आप पानी पीना भूल जाते हैं तो मोबाइल में अलार्म या रिमाइंडर लगा सकते हैं। ताजा फल या वेजिटेबल जूस न केवल पोषण देते हैं बल्कि शरीर में जल संतुलन बनाए रखने में भी मदद करते हैं।

सर्दियों में खुद को हाइड्रेटेड रखकर न सिर्फ गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में भी फिट और एक्टिव रहा जा सकता है। इसलिए ठंड के मौसम में भी पानी पीने की आदत को नजरअंदाज न करें और अपनी सेहत का पूरा ध्यान रखें। *

प्रस्तुति: ललिता गोयल

# रेग्युलर फिटनेस रूटीन फॉलो करना सबसे जरूरी है

फिटनेस फंडा
अविनेश रेखी



इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान शिव की भूमिका अविनेश रेखी निभा रहे हैं। शो में वे बहुत हेल्दी और फिट दिख रहे हैं। अपनी बॉडी को मेंटेन करने के लिए अविनेश का वर्कआउट और डाइट रूटीन क्या रहता है, वे खुद बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**डाइट प्लान:** मेरे लिए डाइट प्लान का मतलब है फ्रेश, न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड भोजन करना। निश्चित समय पर घर का बना पौष्टिक आहार खाना ही मेरी प्रायोरिटी होती है। स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने में यह इस तरह की हैबिट बहुत मदद करती है। मैं इसी सोच पर विश्वास करता हूं।

**वर्कआउट रूटीन:** मेरा वर्कआउट रूटीन समय और जरूरत के अनुसार बदलता रहता है। ऑफ डे पर मैं आमतौर पर दिन में दो बार वर्कआउट करता हूं, सुबह कार्डियो और कोर ट्रेनिंग और दोपहर में वेट ट्रेनिंग। लेकिन जब मैं बिजी होता हूं यानी शूटिंग के दिनों में मैं कोशिश करता हूं कि सुबह ही अपना वर्कआउट पूरा कर लूं। अगर शेड्यूल बहुत ज्यादा बिजी हो, तो कम से कम 45 मिनट से 1 घंटे तक वॉकिंग करने जरूर जाता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** जब भी मुझे तनाव महसूस होता है, मैं प्रेरणादायक विचार पढ़ता हूं। मेरा सोशल सर्कल बहुत बड़ा नहीं है। केवल कुछ करीबी दोस्त और मेरा परिवार ही मेरे क्लोज हैं। उनका प्यार और साथ मुझे खुश, सकारात्मक और प्रेरित बनाए रखता है।

**फिटनेस आइडल:** मेरे फादर मेरे फिटनेस आइडल हैं। उनसे मैंने अनुशासन और निरंतरता का महत्व सीखा है। पिछले 40 वर्षों से ज्यादा समय से उन्होंने कभी भी अपने सही खान-पान और फिटनेस रूटीन को नहीं छोड़ा, यही मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है।

**पाठकों को फिटनेस मंत्र:** मेरा मानना है कि हेल्दी और फिट रहने के लिए एक अच्छा और रेग्युलर फिटनेस रूटीन बहुत जरूरी है। चाहे वह वॉकिंग हो, जॉगिंग, खेलकूद, योगाभ्यास या फिर जिम। सबसे अहम बात है कंटिन्यूटी बनाए रखना। अपने रूटीन को कभी न छोड़ें। इसकें अलावा फ्रेश-हाइजीनिक और हेल्दी भोजन करें। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

डिजीज
डॉ. सोनल सिंघल
कंसल्टेंट-गायनेकोलॉजिस्ट
मदरहुड अस्पताल, गुरुग्राम

हमारे गले में मौजूद थायरॉइड ग्रंथि से रिलीज होने वाले हार्मोन में असंतुलन, केवल मेटाबॉलिज्म और ग्रोथ को ही नहीं फर्टिलिटी को भी प्रभावित कर सकता है। इसलिए इस बारे में जानना बहुत जरूरी है।

# थायरॉइड प्रॉब्लम का प्रभाव फर्टिलिटी पर भी पड़ सकता है



अधिकतर लोग मानते हैं कि थायरॉइड की समस्या सिर्फ वजन, थकान या मूड को प्रभावित करती है। जबकि थायरॉइड असंतुलन, पुरुषों और महिलाओं दोनों की फर्टिलिटी को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। जब थायरॉइड ठीक से काम नहीं करता, तो यह शरीर के कई जरूरी हार्मोनों जैसे प्रोलैक्टिन, एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन, इंसुलिन और कॉर्टिसोल के लेवल को भी प्रभावित करता है, जिससे महिलाओं को गर्भधारण में दिक्कत आ सकती है।

**फर्टिलिटी होती है प्रभावित:** थायरॉइड ग्रंथि, शरीर के हार्मोन सिस्टम का अहम हिस्सा है। अगर थायरॉइड हार्मोन कम या ज्यादा हो जाए, तो इसका असर सिर्फ थायरॉइड तक सीमित नहीं रहता। इससे ओव्यूलेशन, पीरियड्स की नियमितता, स्पर्म की गुणवत्ता और कुल फर्टिलिटी प्रभावित होती है। कई बार सही इलाज न मिलने या देर से पहचान होने के कारण थायरॉइड फर्टिलिटी समस्याओं का एक बड़ा कारण बन जाता है। इन हार्मोनल बदलावों के कारण गर्भधारण में देरी, बार-बार गर्भपात, पीरियड्स की अनियमितता, कम स्पर्म काउंट या खराब एंब्रियो क्वालिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कई लोग बाहर से स्वस्थ दिखते हैं, लेकिन अंदर से हार्मोनल गड़बड़ी के कारण कंसीव करने में परेशानी होती है।

**हो सकते हैं ये भी इफेक्ट्स:** थायरॉइड का सीधा असर दिमाग, अंडाशय, वृषण, अग्न्याशय और अन्य कुछ ग्रंथियों पर पड़ता है। जब थायरॉइड का लेवल बिगड़ता है, तो शरीर के अन्य हार्मोनों को गलत संकेत मिलने लगते हैं। सबसे पहले प्रोलैक्टिन हार्मोन प्रभावित होता है। थायरॉइड कम होने पर प्रोलैक्टिन बढ़ सकता है, जिससे महिलाओं में ओव्यूलेशन रुक सकता है और पुरुषों में स्पर्म बनना कम हो सकता है। इससे पीरियड्स अनियमित हो सकते हैं और गर्भधारण में परेशानी आती है।

थायरॉइड असंतुलन से महिला हार्मोन एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन भी प्रभावित होते हैं। इससे पीरियड्स अनियमित होना, ज्यादा ब्लीडिंग, अंडा न बन पाना और प्रेग्नेंसी ठहरने में दिक्कत हो सकती है। इसका असर इंसुलिन पर भी पड़ता है, जिससे ब्लड शुगर बढ़ सकती है और पीसीओएस जैसी समस्या हो सकती है, जो महिलाओं में बांझपन का एक बड़ा कारण है। साथ ही, थायरॉइड की गड़बड़ी से शरीर में तनाव बढ़ता है और कॉर्टिसोल हार्मोन ज्यादा बनने लगता है। ज्यादा तनाव ओव्यूलेशन, अंडों की गुणवत्ता, स्पर्म काउंट और सेक्स ड्राइव को नुकसान पहुंचाता है।

**समय पर जांच-इलाज जरूरी:** अगर समय रहते थायरॉइड की जांच करवा ली जाए और डॉक्टर की सलाह से इलाज किया जाए, तो फर्टिलिटी से जुड़ी कई समस्याओं से बचा जा सकता है। इसके साथ योग और ध्यान करना, रोज 8-9 घंटे की नींद लेना, सही खान-पान और तनाव कम करना थायरॉइड हार्मोन को संतुलन में लाने में मदद करता है। कई बार रिपोर्ट में थायरॉइड 'नॉर्मल' बताया जाता है, लेकिन फर्टिलिटी के लिए सही स्तर थोड़ा अलग हो सकता है। हल्का थायरॉइड असंतुलन भी गर्भधारण और प्रेग्नेंसी को प्रभावित कर सकता है। इसलिए थायरॉइड हेल्थ को नजरअंदाज न करें। *




प्रस्तुति: सेहत फीचर्स



## खबर संक्षेप



### वैभव प्रदेश सह संगठन महामंत्री पद पर नियुक्त

**भोपाल।** शासकीय ठेकेदार महासंघ ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में बैठक में महासंघ में चार नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की। इनमें वैभव आरावकर को महासंघ का प्रदेश सह संगठन महामंत्री, अनुराग रावत को प्रदेश महामंत्री, पंकज सोनी को प्रदेश कोषाध्यक्ष और आशुतोष सिंह को भोपाल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर शासकीय ठेकेदार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दुष्यंत शुक्ला, प्रदेश संगठन महामंत्री मयंक सराठे, प्रदेश महामंत्री पुनीत भटनागर, मुकेश कुमार, अशोक आर्य, मिथुन, राहुल, शिवा, दीपक और सुनील प्रमुख थे।

### एनएसयूआई ने शर्मा को बनाया प्रदेश प्रवक्ता

**भोपाल।** नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने संगठन को और सशक्त करने तनय शर्मा को एनएसयूआई



मध्यप्रदेश का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। यह नियुक्ति एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे एवं नेशनल मीडिया चेयरमैन रवि पाण्डेय की सहमति से की गई है। इस आशय का नियुक्ति पत्र एनएसयूआई मध्यप्रदेश मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अंकित पांडे द्वारा जारी किया गया। तनय शर्मा माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि के छात्र हैं और छात्र हितों, शैक्षणिक मुद्दों एवं संगठनात्मक गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### ओबीसी के लिए आरक्षण हमारा अधिकार है...



**भोपाल।** राजधानी में ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित आम सभा में प्रदेश सरकार से ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण को शीघ्र बहाल करने की स्पष्ट मांग की गई। सभा में अपना दल एस के डॉ. अतुल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों को वर्षों से अधर में रखा गया है, जो सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर रिक्तियों में 27 प्रतिशत आरक्षण दिखाती है, वहीं दूसरी ओर 13 प्रतिशत पदों को होल्ड कर देना ओबीसी समाज के साथ अन्याय है। डॉ. अतुल ने कहा कि, 27 प्रतिशत आरक्षण कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं, बल्कि संविधान प्रदत्त अधिकार है।

### मध्यप्रदेश में बना राज्य तिलहन मिशन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय खद्य तेल मिशन-तिहलन के अंतर्गत राज्य तिलहन मिशन का गठन किया गया है। इसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में सोलह अफसरों की तैनाती की गई है। यह मिशन मध्यप्रदेश में तिलहन उत्पादन बढ़ाने और उसके प्रसंस्करण तकनीकी सहायता एजेंसियों के कामकाज और प्रगति की निगरानी, दक्षता बढ़ाने के लिए एसओपी तैयार करने का काम करेगा। राज्य तिलहन मिशन की बैठक का आयोजन कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में किया जाएगा। मिशन के उद्देश्यों का प्राप्त करने के लिए निहित समग्र नीति दिशा निर्देशों के भीतर राज्य में मिशन कार्यान्वयन की समग्र निगरानी करेगा। राज्य को सौंपे गए क्षेत्र उत्पादन और उत्पादकता लक्ष्यों और इसकी निगरानी के आधार पर तिलहन की खेती और उत्पादन के लिए राज्य तिलहन कार्य योजना को अंतिम रुप देने का काम भी यह मिशन करेगा। प्रस्तुत नियमित रिपोर्टो के साथ प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों पर नजर रखकर राज्य स्तर पर मिशन की प्रगति की निगरानी भी यह मिशन करेगा।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन से मिले मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल पुष्पगुच्छ भेंट कर दी शुभकामनाएं

# सीएम डॉ. मोहन ने कहा- भाजपा का भविष्य ऊर्जावान युवा और वैचारिक नेतृत्व के हाथों में पूरी तरह सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पदभार ग्रहण करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की कमान नितिन नबीन को सौंपा जाना यह दर्शाता है कि भारतीय जनता पार्टी अपने भविष्य को युवा, ऊर्जावान, दूरदर्शी और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध नेतृत्व के हाथों में सुरक्षित देख रही है।

यह निर्णय भाजपा के मजबूत संगठन, अनुशासन और विचारनिष्ठ राजनीति का प्रतीक है। नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा विचार, संगठन और जनसेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। उनके नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को नई गति मिलेगी। यह निर्णय केवल एक राजनीतिक पदस्थापना नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के लिए भरोसे का प्रतीक है।

### प्रदेश कार्यालय सहित प्रदेश भर में मनाया गया उत्सव



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन को पुष्पगुच्छ भेंट करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।



मिठाई खिलाते कंसाना, सारंग, सबनानी, बरुआ।

**प्रदेश कार्यालय सहित प्रदेश भर में आतिशबाजी कर बांटी मिठाई**

भारतीय जनता पार्टी के नव-निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पदभार ग्रहण के अवसर पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्साह और उल्लास के साथ आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण कर उत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, एंदल सिंह कंसाना, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ सहित जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी तरह प्रदेश के जिला कार्यालयों पर आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण कर उत्सव मनाया गया।

### नितिन नबीन भाजपा के उज्ज्वल, सशक्त और विजयी भविष्य के प्रतीक : खंडेलवाल

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए संगठन पर्व केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन की आत्मा है। संगठन पर्व के माध्यम से नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होना यह सिद्ध करता है कि भाजपा में दायित्व, वंशवाद, सिफारिश या संयोग से नहीं, बल्कि संगठन, समर्पण और सिद्ध क्षमता से तय होता है। नितिन नबीन का संगठनात्मक अनुभव इस दिशा में निर्णायक सिद्ध होगा। यह नेतृत्व न केवल संगठन को सुदृढ़ करेगा, बल्कि देशवासियों के विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ बनाते हुए भाजपा को स्थिर नेतृत्व, मजबूत संगठन और विजयी भविष्य की ओर संगठित रूप से आगे बढ़ाएगा।*

## आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन निवेश, तकनीक और वैश्विक साझेदारी के जरिए मप्र के विकास एजेंडे को वैश्विक मंच पर करेंगे साझा

# एवरस्टोन समूह ने मध्यप्रदेश में विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और खाद्य प्रसंस्करण में निवेश की दिखाई रुचि



एवरस्टोन समूह के प्रेसिडेंट सिंन्हा से भेंट करते मंत्री शुक्ला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026 दावोस के दूसरे दिन विभिन्न उद्योगपतियों से चर्चाओं का दौर जारी रहा। इस कड़ी में मंगलवार को मप्र स्टेट लाउंज में मप्र के अधिकारियों ने एवरस्टोन समूह के प्रेसिडेंट एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा के साथ बैठक कर राज्य में निवेश एवं औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने मप्र में ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) इकोसिस्टम में अपनी सशक्त उपस्थिति को रेखांकित किया।

इंदौर, उज्जैन और भोपाल के आसपास विकसित हो रहे ईवी और ऑटोमोबाइल क्लस्टर्स के साथ वस्त्र एवं परिधान उद्योग में राज्य की स्थापित क्षमताओं तथा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत आधार की जानकारी साझा की गई। चर्चा के दौरान नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव मनीष सिंह और प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने उद्योगपतियों के साथ सोलर पैनल, बैटरी, इंगट्स और वेफर्स सहित उपकरण एवं कंपोनेंट विनिर्माण में उपलब्ध निवेश अवसरों पर भी विचार किया गया।

*साझा की राज्य की समर्पित लॉजिस्टिक्स एवं निर्यात नीति*

## मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन निवेश पर मंत्री शुक्ला की क्रेसेंट एंटरप्राइजेज के साथ चर्चा

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल।** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026 के दूसरे दिन दावोस में मध्यप्रदेश स्टेट लाउंज में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने क्रेसेंट एंटरप्राइजेज के डिप्टी सीईओ एवं हेड ऑफ इन्वेस्टमेंट्स तुषार सिंहवी के साथ बैठक कर राज्य में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स, इनलैंड कंटेनर डिपो, वेयरहाउसिंग तथा एकीकृत सप्लाई चेन अवसंरचना में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान क्रेसेंट एंटरप्राइजेज ने भारत में अपने विस्तार की मजबूत मंशा व्यक्त करते हुए लॉजिस्टिक्स आधारित निवेश के लिए मध्यप्रदेश को एक रणनीतिक गंतव्य के रूप में परखने में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर मंत्री शुक्ला ने राज्य की समर्पित लॉजिस्टिक्स एवं निर्यात नीति की जानकारी साझा की।



निवेशकों से चर्चा करते मंत्री शुक्ला।

### भूमि की पर्याप्त उपलब्धता, विद्युत एवं जल आपूर्ति तथा स्थिर श्रम वातावरण उपलब्ध

प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश, देश के केंद्र में स्थित होने से यहां प्राप्त भौगोलिक लाभ, राज्य के हवाई अड्डों के माध्यम से लागत प्रभावी कार्गो हैंडलिंग और खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स (एपीआई सहित), वस्त्र एवं परिधान और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण जैसे क्षेत्रों में मजबूत औद्योगिक आधार मौजूद हैं। साथ ही भूमि की पर्याप्त उपलब्धता, विश्वसनीय विद्युत एवं जल आपूर्ति तथा स्थिर श्रम वातावरण मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन परियोजनाओं के लिए उच्च दक्षता वाला निवेश गंतव्य बनाता है। दोनों पक्षों ने विशिष्ट परियोजना अवसरों की पहचान करने तथा लॉजिस्टिक्स एवं संबद्ध अवसंरचना क्षेत्रों में संभावित निवेश पर आगे भी संवाद जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। यह संवाद मध्यप्रदेश में आधुनिक एवं सतत लॉजिस्टिक्स क्षमताओं के विकास के माध्यम से औद्योगिक वृद्धि और निर्यात संवर्धन की दिशा में राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सिन्हा ने समूह के पोर्टफोलियो और निवेश की जानकारी दी

राज्य शासन ने निवेशकों के अनुकूल भूमि अधिग्रहण ढांचे की जानकारी देते हुए भोपाल और होशंगाबाद के समीप क्षेत्रों को विनिर्माण आधारित निवेश के लिए उपयुक्त बताया और राज्य में बढ़ती आंतरिक मांग को रेखांकित किया। प्रेसिडेंट एवरस्टोन समूह सिन्हा ने समूह के पोर्टफोलियो और निवेश प्राथमिकताओं से अवगत कराते हुए स्केलेबल प्लेटफॉर्म, दीर्घकालिक इंफ्रास्ट्रक्चर और विनिर्माण क्षेत्रों में रुचि साझा की। बैठक में दोनों पक्षों ने खाद्य प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा एवं संबंधित क्षेत्रों में संभावित सहयोग और निवेश के लिए आगे भी विस्तृत चर्चा जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। यह संवाद मध्यप्रदेश की विनिर्माण आधारित विकास रणनीति और सतत आर्थिक प्रगति की दिशा में वैश्विक निवेशकों के साथ मजबूत साझेदारी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## प्री-बजट संवाद : मुख्यमंत्री ने पानीपत और मानेसर में उद्यमियों से की चर्चा

# पानीपत में खुलेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का टेक्सटाइल संस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पानीपत बुनकरों की और ऐतिहासिक नगरी है जहां का कपड़ा उद्योग प्रदेश के साथ-साथ पूरे भारत में नाम रोशन कर रहा है। पानीपत आज तेज गति से खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। इसी को देखते हुए विभिन्न उद्योग संगठनों की मांग पर पानीपत में अंतरराष्ट्रीय स्तर का टेक्सटाइल संस्थान बनाया जाएगा, जिसके लिए 10 एकड़ जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी। इस संस्थान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर तकनीकी दक्षता उपलब्ध करवाई जाएगी। वहीं, मुख्यमंत्री सैनी, बुधवार को पानीपत में आयोजित पानीपत, सोनीपत और करनाल में टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री और विभिन्न उद्योगों से जुड़े प्रतिनिधियों से बजट पूर्व परामर्श बैठक में उपस्थित उद्योगपतियों को सम्बोधित कर रहे थे।





**कपड़ा उद्यमियों के लिए 367 करोड़ की ग्रांट स्वीकृत**

उन्होंने प्रधानमंत्री के फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फोर्न फाइव-एफ के मंत्र का भी जिक्र किया और कहा कि हरियाणा में भी इसी फाइव-एफ विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हरियाणा आत्मनिर्भर टेक्सटाइल पॉलिसी के तहत 354 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनके लिए 367 करोड़ रुपये की ग्रांट स्वीकृत की जा चुकी है।

## राजेश चेतन बोले, मिशन का दायरा बढ़ाएंगे, ज्यादा लोगों को लाभ देना लक्ष्य

# मुफ्त नेत्र व चिकित्सा शिविर में 135 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ 32 मरीजों का होगा नेत्र आपरेशन

देश की सनातन संस्कृति एवं समाज सेवा को समर्पित संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा प्रमुख समाजसेवी एवं हरियाणा के पूर्व मंत्री श्री राम भजन अग्रवाल तथा सेवा मूर्ति लाला हरिकृष्ण अग्रवाल की पुण्य स्मृति में बुधवार, 21 जनवरी को आयोजित 35 वें निःशुल्क आंखों का मोतियाबिंद ऑपरेशन (लैंस वाला) एवं मेडिकल कैम्प में कड़ाके की ठंड व घने कोहरे के बावजूद एक बार फिर भारी संख्या में मरीज उमड़े। शिविर व कैंप में 135 मरीजों की ओपीडी गुरुग्राम के वरिष्ठ चिकित्सकों ने की । गहन जांच व परीक्षण के बाद इनमें से 32 मरीजों का चयन नेत्र आपरेशन के लिए किया गया। आयोजन श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक हुआ।




## शासन को 8 करोड़ 14 लाख की आर्थिक क्षति पहुंचाने का मामला

# धान खरीदी और परिवहन में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

जिले में धान खरीदी और परिवहन में हुए बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में राइस मिलरों, समिति प्रबंधकों एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों द्वारा मिलकर शासन को 8 करोड़ 14 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक क्षति पहुंचाने का मामला सामने आया है। इस गंभीर मामले में विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि कई आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

आईसीसीसी मार्कफेड रायपुर से प्राप्त अलर्ट के आधार पर की गई जांच में सामने आया कि धान उठाव करने वाले वाहनों द्वारा वास्तविक क्षमता से 200 प्रतिशत से लेकर 1116 प्रतिशत तक ओवरलोडिंग कर अवैध परिवहन किया गया। कलेक्टर कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर खाद्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच कर इस बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया।




### कई आरोपी फरार, तलाश जारी

प्रकरण में अब्दुल समद, ललित जैन, नवेंद मेनन और अनिल जांगड़े फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

### फर्जी दस्तावेज और गलत जानकारी देकर किया गया परिवहन

जांच में पाया गया कि राइस मिलरों और समिति प्रबंधकों ने जानबूझकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए, पीडीएस चावल का वितरण नहीं किया और फर्जी वाहन नंबरों से धान का परिवहन दर्शाया। वास्तविक मात्रा से कहीं अधिक धान का उठाव दिखाकर शासन को भारी नुकसान पहुंचाया गया। कुल मिलाकर 11 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी और परिवहन में गड़बड़ी के प्रमाण मिले हैं।

### इन उपार्जन केंद्रों पर कार्रवाई

नवागांव घुठेरा समिति द्वारा उपलेटा राइस मिल से मिलीभगत कर 74 जीपीएस युक्त एवं 40 से अधिक बिना जीपीएस वाहनों से परिवहन सिंघनुपरी केंद्र द्वारा एसएस फूड के साथ मिलकर 4,542 क्विंटल धान का बिना जीपीएस परिवहन
छटन उपार्जन केंद्र द्वारा दीपक राइस मिल और नवकार मिल से मिलकर 3,589 क्विंटल धान का अवैध परिवहन
झगरहट्टा उपार्जन केंद्र द्वारा वर्धमान राइस मिलर्स के साथ गड़बड़ी इन मामलों में उपलेटा एवं वर्धमान राइस मिल के संचालक, समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## नाबालिग से रेप का मामला

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और फिर शादी से मुकरने के गंभीर मामले में अदालत ने आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला पीडिता को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसने इस जघन्य अपराध के खिलाफ आवाज उठाई।

### 5 हजार अर्थदंड भी सुनाया

*पीडिता की शिकायत के आधार पर, खरसिया पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (2) (एम) और 65(1) के तहत आरोपी कार्तिक जायसवाल के खिलाफ अपराध दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। अतिरिक्त सत्र न्यायालय एफटीएससी के न्यायाधीश देवेंद्र साहू ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी करार दिया। अदालत ने कार्तिक जायसवाल को 20 साल के सश्रम कारावास और 5,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह भी निर्देश दिया गया है कि यदि वह जुर्माने की राशि अदा नहीं करता है, तो उसे अतिरिक्त चार महीने की सश्रम कारावास भुगतना होगा।*

### ▶▶ आरोपी ने दिया शादी का झांसा

अभियोजन पक्ष के अनुसार, घटना तब सामने आई जब पीडिता ने 7 दिसंबर 2024 को खरसिया थाने में एक रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में उसने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले कार्तिक जायसवाल, जो 25 वर्ष का है, पिछले दो साल से उससे प्रेम का इजहार कर रहा था और शादी करने का वादा कर रहा था। जुलाई 2024 की रात, कार्तिक ने पीडिता को बहला-फुसलाकर अपने घर बुलाया, जहां उसने उसके साथ कई बार संबंध बनाए। इसके बाद पीडिता अपने परिजनों के साथ कोरबा चली गई। वहां भी कार्तिक जायसवाल ने पीडिता के माता-पिता के घर से बाहर जाने के बाद उसके साथ संबंध बनाए। इस दौरान पीडिता कार्तिक जायसवाल के बच्चे से पांच महीने की गर्भवती हो गई। जब इस बात का पता चला तो कार्तिक ने उससे शादी करने से साफ इंकार कर दिया।

## क्या शंकराचार्य हैं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ?

# 1941 से वैधता पर शुरू हुआ विवाद, दावा और कोर्ट के फैसलों के बीच अटका

मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के 14 अक्टूबर 2022 के एक आदेश का हवाला देते हुए नोटिस जारी कर पूछा था कि उन्होंने खुद को शंकराचार्य कैसे घोषित कर लिया। शंकराचार्य पद की वैधता पर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जो 1941 से शुरू हुआ था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रयागराज में माघ मेला के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों और मेला प्रशासन के बीच टकराव हो गया था। इस विवाद ने तूल पकड़ते हुए राजनीतिक रंग ले लिया। आरोप-प्रत्यारोप के दौर के बीच मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के 14 अक्टूबर 2022 के एक आदेश का हवाला देते हुए नोटिस जारी कर पूछा था कि उन्होंने खुद को शंकराचार्य कैसे घोषित कर लिया। शंकराचार्य पद की वैधता पर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जो 1941 से शुरू हुआ था। इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के बीच मामला अटका हुआ है। बता दें कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद साल 2022 से ही ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य के तौर पर जाने जाते हैं। हालांकि इस पद पर उनकी नियुक्ति शुरू से ही विवादित मानी जाती रही है।

### 1941 से पहले शंकराचार्य की गद्दी खाली थी



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

18वीं सदी में ज्योतिर्मठ पर स्वामी रामकृष्ण तीर्थ काबिज रहे। उनकी मृत्यु के बाद लगभग 165 वर्षों तक मठ निष्क्रिय रहा। तीन और पीठों के शंकराचार्यों ने मिलकर स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती को शंकराचार्य पद के लिए राजी किया और उन्हें इस पद के लिए स्वीकृति भी दी। इस तरह 11 मई 1941 को स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती की नियुक्ति वाराणसी के 'भारत धर्म महामंडल' से जुड़े साधु-संतों की ओर से की गई। इस नियुक्ति को पुरी के शंकराचार्य स्वामी भारती कृष्ण तीर्थ और श्रृंगेरी के शंकराचार्य स्वामी चंद्रशेखर भारती का समर्थन था।

### पूरे विवाद को यूं समझें

1952 को स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती ने वसीयत कर स्वामी शांतानंद सरस्वती को उत्तराधिकारी बनाया। उनके निधन के बाद 1953 को स्वामी शांतानंद सरस्वती को काशी में ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य के रूप में स्वीकृति दी गई, लेकिन स्वामी कृष्णबोध आश्रम को शंकराचार्य के रूप में स्वीकार किया और वसीयत के आधार स्वामी शांतानंद की नियुक्ति को गलत बताया। 1955 को सिविल कोर्ट ने स्वामी शांतानंद सरस्वती को उत्तराधिकार का सर्टिफिकेट दिया। स्वामी शांतानंद सरस्वती ने स्वामी विष्णुदेवानंद सरस्वती को उत्तराधिकारी बना दिया। स्वामी विष्णुदेवानंद सरस्वती ने वसीयत कर स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती को उत्तराधिकारी बनाया।

### 2017 से सुप्रीम कोर्ट में है मामला

नवंबर 1989 स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने इसको चुनौती देते हुए मामला फिर से कोर्ट में ले गए। इसके बाद वासुदेवानंद सरस्वती और स्वामी स्वरूपानंद के बीच लंबी कानूनी लड़ाई जारी रही।साल 2017 में इलाहबाद हाई कोर्ट ने स्वरूपानंद और वासुदेवानंद सरस्वती सहित कई शंकराचार्यों की नियुक्तियों को अवैध ठहराया था और एक कमेटी बनाकर नए शंकराचार्य की नियुक्ति के निर्देश दिए, जिससे विवाद और गहरा गया।

### अविमुक्तेश्वरानंद के साथ सही हुआः रामभद्राचार्य



जगद्गुरू रामभद्राचार्य ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद के साथ अन्याय नहीं हुआ। अन्याय तो उन्होंने किया है। नियम यह है कि गंगा तक पालकी से नहीं जाया जाता। हम लोग भी पैदल ही जाते हैं। सरकार ने उन्हें खुद को शंकराचार्य साबित करने के लिए बिल्कुल सही नोटिस जारी किया है।

वहीं, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मामले को लेकर कहा कि उनसे जुड़े मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। साथ ही उम्मीद जताई की विवाद जल्द ही खत्म हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या जाएंगी



**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2083 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति शिरकत करेंगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू इस आयोजन की मुख्य अतिथि होंगी।

### अमृत उद्यान 3 फरवरी से लोगों के लिए खुलेगा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 3 फरवरी से 31 मार्च, 2026 तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक (अंतिम प्रवेश 5.15 बजे) उद्यान में घूमने आ सकते हैं। उद्यान सोमवार को रखरखाव के दिन और 4 मार्च को होली के कारण बंद रहेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी इसकी जानकारी दी है।

### संजौली हेलीपोर्ट से हेली टैक्सी सेवाएं शुरू



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली हेलीपोर्ट को केंद्र से जरूरी मंजूरी के बाद आधिकारिक तौर पर हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए खोल दिया गया है। इसी के साथ दो कंपनियों ने यहां से हेली टैक्सी सेवाएं शुरू कर दी हैं। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रिकांगपिओ व भुंतर के लिए उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### उदयपुर में जीप खाई में गिरी, 3 की मौत



**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले में सवारी से भारी जीप बेकाबू होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भर्ती करवाया गया है। उदयपुर जिले के आदिवासी अंचल कोटड़ा में बिलवन की ओर से जा रही जीप का चढ़ाई के दौरान अचानक ब्रेक फेल हो गया।

### दोबारा हिंदू बन जाओ फिल्में मिलने लगेंगी



**नई दिल्ली।** म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान ने जबसे इंडस्ट्री में सांप्रदायिक भेदभाव होने की बात कही है, वो विवादों में फंस गए हैं। अब भजन सम्राट अनूप जलोटा ने कहा है कि रहमान को इस बात का विश्वास है कि हमारे देश में मुस्लिम होने की वजह से उनको फिल्में नहीं मिल रही हैं म्यूजिक देने के लिए, तो फिर वो दोबारा हिंदू हो जाएं।

## अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर जारी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं, चार हफ्ते में हाई पावर कमेटी के सदस्यों के नाम दें

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा मात्र तकनीकी नहीं, बल्कि देश के पर्यावरण भविष्य से जुड़ा हुआ है। अदालत ने साफ निर्देश दिया कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि ऐसे खनन के परिणाम अपूर्णीय और दूरगामी होते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर जारी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि यह मुद्दा मात्र तकनीकी नहीं, बल्कि देश के पर्यावरण भविष्य से जुड़ा हुआ है। अदालत ने साफ निर्देश दिया कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि ऐसे खनन के परिणाम अपूर्णीय और दूरगामी होते हैं। शीर्ष अदालत ने यह भी दोहराया कि अरावली की वैज्ञानिक और स्पष्ट परिभाषा तय करने के लिए एक हाई पावर कमेटी बनाई जाएगी। इस समिति में पर्यावरण, वानिकी, भू-विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों के स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल होंगे। अदालत ने सभी पक्षों जिसमें एमिकस क्यूरी भी शामिल हैं उससे समिति के संभावित सदस्यों के नाम और सुझाव चार हफ्ते में पेश करने को कहा है।

### यह मुद्दा संवेदनशील

कोर्ट ने अपने उस पुराने फैसले पर लगी रोक को भी बढ़ा दिया है, जिसमें 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही अरावली मानने की सिफारिश थी। पर्यावरण मंत्रालय की समिति की इस सिफारिश को अदालत ने पहले ही पुनर्विचार योग्य बताते हुए स्थगित कर दिया था।

- सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने फैसले पर लगी रोक बढ़ाई
- राजस्थान में हो रहे अवैध खनन का मामला भी उठाया


सुप्रीम कोर्ट, अरावली की पहाड़ियां

### गहराई से होगी जांच

सुनवाई के दौरान एक वकील ने राजस्थान के कई क्षेत्रों में लगातार हो रहे अवैध खनन का मुद्दा उठाया। इस पर न्यायालय ने राजस्थान सरकार के वकील को तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि अरावली जैसा पर्यावरणीय क्षेत्र किसी भी प्रकार का भार नहीं उठा सकता है। अदालत ने साथ ही कहा कि अवैध खनन भविष्य की पीढ़ियों के पर्यावरण अधिकारों को सीधे प्रभावित करता है, इसलिए न्यायालय इस पूरे मामले में सभी पहलुओं की गहराई से जांच करेगा।अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले साल दिसंबर में पारित अंतरिम आदेश अगले आदेश तक लागू रहेगा।


चंडीगढ़ की सुखना झील

**सीजेआई ने जताई चिंता**

### सुखना झील को कितना सुखाओगे? गलती न दोहराएं

सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ की मशहूर सुखना झील के सूखने पर चिंता जताई है। हरियाणा सरकार को पिछली गलतियों को न दोहराने की चेतावनी देते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अधिकारियों और बिल्डर माफिया की मिलीभगत के कारण सुखना झील पूरी तरह से खराब हो चुकी है। बेंच में सीजेआई सूर्यकांत के अलावा जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी अरावली पहाड़ियों के मामले पर सुनवाई करते हुए की।

### झील का गिर रहा जलस्तर

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य के अधिकारियों और राजनेताओं की मिलीभगत से बिल्डर माफिया काम कर रहा है। आप सुखना झील को कितना सुखाओगे? आपने झील को तो पूरी तरह से खराब कर दिया है। दरअसल, बारिश के पानी पर निर्भर सुखना झील कभी चंडीगढ़ का प्रमुख पर्यटन केंद्र हुआ करती थी, लेकिन बीते वर्षों में लगातार गिरते जलस्तर ने इसकी सुंदरता और अस्तित्व दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## मदुरै पीठ की सख्त टिप्पणी

# उदयनिधि का 'सनातन मिटाओ' बयान 'नरसंहार' की मांग जैसा

अमित मालवीय के खिलाफ एफआईआर रद्द


उदयनिधि स्टालिन

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने सोमवार को तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन के उस बयान पर सख्त टिप्पणी की, जिसमें उदयनिधि स्टालिन ने अपने एक संबोधन में सनातन धर्म का सफाया करने की मांग की थी। कोर्ट ने साफ कहा कि उदयनिधि स्टालिन का बयान नरसंहार की मांग जैसा है। हाईकोर्ट की पीठ ने भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय को राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को भी रद्द करने का आदेश दिया। मदुरै पीठ की जस्टिस एस श्रीमथी ने कहा कि अगर सनातन धर्म को मानने वाले लोगों का समूह यहां नहीं होना चाहिए, तो इसके लिए सही शब्द 'नरसंहार' है।

### ओझिप्पु का मतलब 'सफाया'

जस्टिस श्रीमति ने स्टालिन के भाषण में ओझिप्पु शब्द पर विशेष जोर दिया और कहा कि पूरा मामला एक शब्द पर है, जो बेहद अहम है। पीठ ने कहा कि सरकार भी ओझिप्पु शब्द का मतलब सफाया मानती है। इसके बाद अदालत ने इस शब्द के पर्यायवाची का भी जिक्र किया, जिनका मतलब भी सफाया, मिटाना, तबाह करना आदि बताया गया। जज ने कहा कि अमित मालवीय ने पोस्ट में जो सवाल किया था, उसमें हिंसा या आंदोलन की मांग नहीं की गई थी। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि अदालत ने डीएमके सरकार द्वारा दर्ज की गई राजनीतिक रूप से प्रेरित और बदले की भावना वाली एफआईआर को खारिज कर दिया।


एस. श्रीमथी

### लिव-इन में महिला तभी सुरक्षित, जब पत्नी

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को सुरक्षा तभी मिलेगी, जब उन्हें पत्नी का दर्जा दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि ऐसे रिश्तों में महिलाओं को वैवाहिक सुरक्षा नहीं मिल पाती इसलिए कोर्ट की जिम्मेदारी बनती है कि महिलाओं को संरक्षण दें। जस्टिस एस श्रीमथी ने यह टिप्पणी एक आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए की। शख्स पर आरोप है कि वह महिला के साथ पहले लिव-इन में रहा। फिर शादी का झूठा वादा कर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि पुरुष पहले मॉडर्न बनकर लिव-इन का रिश्ता बनाते हैं। बाद में रिलेशनशिप खराब होने पर महिला के कैरेक्टर पर सवाल उठाते हैं। वे ऐसा इसलिए कर पाते हैं क्योंकि कानून में लिव-इन को लेकर कोई नियम नहीं हैं।

## कल्याण-डोंबिवली नगर निगम चुनाव

# राज ठाकरे के 5 नगरसेवकों ने शिंदे गुट को दिया 'समर्थन'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कल्याण-डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) में निकाय चुनाव के बाद राज ठाकरे के महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने इस बार एकनाथ शिंदे की शिवसेना को समर्थन देने का फैसला किया है। एमएनएस के पूर्व विधायक प्रमोद राजू पाटिल ने पार्टी के पांचों नगरसेवकों की ओर से शिवसेना को समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय शहर के विकास को ध्यान में रखत हुए लिया गया है। इससे पहले शिवसेना के सभी 53 नगरसेवक नवी मुंबई में स्थित कोंकण संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंच, जहां उन्होंने अपने गुट का औपचारिक पंजीकरण कराया। इस दौरान एमएनएस के 5 नगरसेवकों ने भी वहीं अपनी प्रक्रिया पूरी कर शिवसेना को समर्थन देने की घोषणा की।


एकनाथ शिंदे, राज ठाकरे फाइल फोटो

## स्कूल बैंड प्रतियोगिता जारी



**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह 2026 में प्रस्तुति देने वाली स्कूल बैंड टीमों के चयन की प्रक्रिया जारी है। राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का जोनल चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है, जिसमें देश के अलग-अलग स्कूलों की 16 टीमों का चयन किया गया है। ये टीमें 24 जनवरी को दिल्ली स्थित राष्ट्रीय बाल भवन में आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले में अपनी प्रस्तुति देंगी। हर जोन से चार टीमों को चुना गया है। कुल चार जोन- पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण से चयनित 16 टीमें ब्रास बैंड बॉयज, ब्रास बैंड गर्ल्स, पाइप बैंड बॉयज और पाइप बैंड गर्ल्स श्रेणियों में ग्रैंड फिनाले में मुकाबला करेंगी।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद शफीक पुत्रः मोहम्मद तफीक पताः डी – 31/32, जे जे कॉलोनी, शकुरपुर, दिल्ली** ने case **FIR No. 259/2014 U/s 377/323/506/34 IPC & FIR No. 260/2014 U/s 377/323/34 IPC, थानाः हरि नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद शफीक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद शफीक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 259/2014 U/s 377/323/506/34 IPC & FIR No. 260/2014 U/s 377/323/34 IPC, थानाः हरि नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद शफीक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.02.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मोक्षा बैंस
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
पश्चिम जिला, कोर्ट नं. 31
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/934/WD/2026 (Court Matter)


# महिला सशक्तिकरण, समान अवसर और स्वदेशी जहाज निर्माण

## गणतंत्र दिवस परेड में लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना दे रही ये

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस की परेड 2026 की रिहर्सल जारी हैं। भारतीय सैन्य बल कर्तव्य पथ पर दमदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की परेड महिलाओं को समर्पित है। नौसेना की झांकी में भी महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी ताकत की झलक दिखेगी। नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 की परेड में नेवल टेबल्यू महिला सशक्तिकरण, समान अवसर और स्वदेशी जहाज निर्माण को दिखाएगा। वे उस समय चर्चा में आईं थी,जब पीएम मोदी ने मन की बात में नविका सागर परिक्रमा जैसी समुद्री महायात्रा का जिक्र किया था। दिलना ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि ये उपलब्धि व्यक्तिगत नहीं रही, बल्कि देश की प्रेरणा बन गई

नविका सागर परिक्रमा में लिखा इतिहास



लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के

### नेवल टेबल्यू का संदेश

महिला सशक्तिकरण– नौसेना में महिलाएं अब भूमिका नहीं, नेतृत्व निभा रही हैं। समान अवसर– पुरुष और महिला, दोनों के लिए एक जैसे मानक। स्वदेशीकरण– भारत में बने युद्धपोत, आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति।

### कॉमर्स से स्नातक के बाद नौसेना में प्रवेश

दिलना के का जन्म केरल के कोझिकोड में पैराम्बिल कड़ाव में हुआ था। उनके पिता लेफ्टिनेंट डेवडासन भारतीय सेना में सेवा करते थे, जिनका देहांत बाद में हो गया। उनकी मां का नाम रीजा है, जिन्होंने हमेशा दिलना के करियर को हमेशा समर्थन दिया। उन्होंने कॉमर्स से स्नातक की डिग्री हासिल की। बाद में भारतीय नौसेना में प्रवेश लिया। जून 2014 में लॉजिस्टिक्स ब्रांच में कमीशन प्राप्त किया।

### विश्व भ्रमण मिशन का हिस्सा बनीं

नविका सागर परिक्रमा भारतीय नौसेना का ऐतिहासिक समुद्री अभियान रहा। उन्होंने इस ऐतिहासिक समुद्री अभियान में हिस्सा लिया, जो भारतीय नौसेना का दूसरा 'ऑल-वीमेन' विश्व भ्रमण मिशन था। जिसका उद्देश्य था, भारतीय महिला अधिकारियों की सहनशक्ति और समुद्री कौशल को परखना। दुनिया को दिखाना कि भारतीय नौसेना लैंगिक समानता को जमीन से समंदर तक निभाती है। दिलना के ने इस अभियान के जरिए लंबी समुद्री यात्रा, चुनौतीपूर्ण मौसम और तकनीकी जटिलताओं का सामना किया। उनके अनुभवों ने यह संदेश दिया कि डिफेंस करियर केवल ताक़त नहीं, धैर्य और टीमवर्क भी मांगता है।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नितिन जैन, पुत्रः** सुरेश चंद जैन, **पताः** एच–40, चौथा तल, पश्चिमी पंजाबी बाग, नई दिल्ली–26 तथा **ज्योति जैन, पत्नीः** नितिन जैन, **पताः** एच–40, चौथा तल, पश्चिमी पंजाबी बाग, नई दिल्ली–26; दूसरा पताः द्वारा चौबारा–चाट, चाय एंड चर्चा, पी ब्लॉक, कनॉट सर्किल, जैन चावल वाले के पास, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–01; तीसरा पताः द्वारा चौबारा–चाट, चाय एंड चर्चा, अपर ग्राउंड फ्लोर, कैपिटल साइबरस्केप, उल्लावास, सेक्टर–59, गुरुग्राम; चौथा पताः चौबारा–चाट, चाय एंड चर्चा, 17 ए/35, प्रथम तल, पश्चिमी पंजाबी बाग, नई दिल्ली–26 ने **CC No. 3666/2021, U/s 138 NI ACT, थानाः पंजाबी बाग, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितिन जैन** तथा **ज्योति जैन** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितिन जैन** तथा **ज्योति जैन** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 3666/2021, U/s 138 NI ACT, थानाः पंजाबी बाग, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नितिन जैन** तथा **ज्योति जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 292, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/901/WD/2026 (Court Matter)

# अभिषेक की धमाकेदार पारी, भारत ने न्यूजीलैंड को 48 रन से हराया




**नागपुर (भाषा)।** भारत ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की 35 गेंद में 84 रन की धमाकेदार पारी से बुधवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 48 रन से जीत दर्ज की। इस तरह पांच मैच की सीरीज में भारत 1-0 से आगे हो गया।

टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज अभिषेक ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर कोई रहम नहीं दिखाया और उनकी खूब धुनाई करते हुए अपनी पारी में आठ छक्के और पांच चौके लगाए। रिंकू सिंह ने अंत में 20 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। इससे भारत ने सात विकेट पर 238 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने एक रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। ग्लेन फिलिप्स (78 रन) के अर्धशतक के बावजूद टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 190 रन ही बना सकी। भारत ने हालांकि इस दौरान न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को आउट करने के कई मौके गंवाए। लेकिन बड़ा स्कोर होने से भारत को जीत दर्ज करने में परेशानी नहीं हुई। अर्शदीप सिंह (31 रन देकर एक विकेट) ने भारत को शानदार शुरुआत कराई और पारी की दूसरी ही गेंद पर डेवोन कॉनवे को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच आउट कराया। दूसरे ओवर में हार्दिक पंड्या (20 रन देकर एक विकेट) ने रचिन रविंद्र को आउट किया जिससे न्यूजीलैंड ने एक रन पर दो विकेट गंवा दिए। टिम रॉबिन्सन (21) सातवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती (37 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर पवेलियन लौट गए। फिलिप्स और मार्क चैपमैन (39 रन) ने मिलकर 42 गेंद में 79 रन जोड़े। लेकिन अक्षर पटेल (42 रन देकर एक विकेट) ने 14वें ओवर में भारत को फिलिप्स का अहम विकेट दिलाया जिन्हें लॉग ऑन पर शिवम दूबे ने कैच आउट किया। दूबे ने डेरिल मिचेल (28 रन) और क्रिस्टियन क्लार्क (शून्य) के विकेट लिए। सैंटनर 20 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले अभिषेक और कप्तान सूर्यकुमार यादव (32 रन, 22 गेंद) ने तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 99 रन की साझेदारी की। अंत में रिंकू ने नाबाद पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत ने संजू सैमसन (10 रन) और ईशान किशन (08) के तौर पर जल्दी विकेट गंवा दिए।

## टी-20 : रिंकू ने खेली 44* रन की शानदार पारी



### भारत- 238

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सैमसन का रचिन रविंद्र बो जैमीसन | 10 |
| अभिषेक शर्मा का जैमीसन बो सोढी | 84 |
| ईशान किशन का चैपमैन बो डफी | 08 |
| यादव का रॉबिन्सन बो सैंटनर | 32 |
| हार्दिक पंड्या का चैपमैन बो डफी | 25 |
| शिवम दूबे का एवं बो जैमीसन | 09 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 44 |
| पटेल का मिचेल बो क्लार्क | 05 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 06 |

अतिरिक्त : 14
कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर 238 रन
विकेट पतन : 1-18, 2-27, 3-126, 4-149, 5-166, 6-185, 7-209
गेंदबाजी : जैकब डफी 4-0-27-2, काइल जैमीसन 4-0-54-2, क्रिस्टियन क्लार्क 4-0-40-1, ईश सोढी 3-0-38-1, ग्लेन फिलिप्स 1-0-20-0, मिचेल सैंटनर 3-0-37-1, डेरिल मिचेल 1-0-21-0

### न्यूजीलैंड -190

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कॉनवे का सैमसन बो अर्शदीप | 00 |
| रॉबिन्सन का शिवम बो चक्रवर्ती | 21 |
| रचिन रविंद्र का अभिषेक बो हार्दिक | 01 |
| ग्लेन फिलिप्स का दूबे बो पटेल | 78 |
| चैपमैन का अभिषेक बो चक्रवर्ती | 39 |
| मिचेल का सब (बिश्नोई) बो दूबे | 28 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 20 |
| क्लार्क का रिंकू सिंह बो दूबे | 00 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 01 |

अतिरिक्त : 02
कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर 190 रन
विकेट पतन : 1-0, 2-1, 3-52, 4-131, 5-143, 6-189, 7-189
गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-31-1, हार्दिक पंड्या 2-0-20-1, जसप्रीत बुमराह 3-0-29-0, अक्षर पटेल 3.3-0-42-1, वरूण चक्रवर्ती 4-0-37-2, शिवम दूबे 3-0-28-2, अभिषेक शर्मा 0.3-0-3-0

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: कोको गाफ और अल्काराज की तीसरे दौर में एंट्री

# सबालेंका ने जीता अपना 25वां सिंगल, चीनी खिलाड़ी को हराकर तीसरे राउंड में बनाई जगह

### एरिना ने की झूओक्सुआन पर 6-3, 6-1 से जीत दर्ज

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

दुनिया की शीर्ष तीन महिला टेनिस खिलाड़ियों में से दो एरिना सबालेंका और कोको गाफ आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई। वहीं पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। सबालेंका ने अपनी 25वीं एकल मैच जीत दर्ज की और 2000 के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली छठी महिला खिलाड़ी बन गईं है। सबालेंका ने चीनी क्वालिफायर बाई झूओक्सुआन को 6-3, 6-1 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। मैच की शुरुआत में बाई ने पेस बनाने में कठिनाई महसूस की और 15 मिनट में 0-5 से पीछे हो गईं। हालांकि, उन्होंने दो एस के जरिए अपनी स्थिति सुधारने की कोशिश की और शुरुआती सेट में सबालेंका की पकड़ थोड़ी कमजोर हुई। बाई ने तीसरे गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन विश्व नंबर 1 ने अपनी मजबूती बनाए रखी और सेट जीत लिया। दूसरे राउंड में सबालेंका ने 4-0 से बढ़त बनाई और अंततः मैच जीतकर तीसरे राउंड में जगह पक्की की। अब उनका मुकाबला 28वीं सीड एम्मा राडुकानू या अनास्तासिया पोटापोवा से होगा।



### एरिना ने दर्ज की लगातार 7वीं जीत

*एरीना सबालेंका ने अपनी 25वीं एकल मैच जीत दर्ज की और 2000 के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली छठी महिला खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले सेरेना विलियम्स, लिंडसे डेवनपोर्ट, जस्टिन हेनिन, ऐश बार्टी और इगा स्वियाटेक इस मुकाम तक पहुंच चुकी हैं। दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सबालेंका ने लगातार सातवीं जीत दर्ज की और 2026 का सीजन आसानी से शुरू किया। वह लगातार छठे साल तीसरे राउंड तक पहुंच रही हैं। इसके अलावा, उनके दूसरे राउंड के मैचों में भी उनका रिकॉर्ड 7-0 है।*



### भांबरी और गोरानसन की शानदार शुरुआत

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार आंद्रे गोरानसन ने सीधे सेटों में आसान जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भांबरी और गोरानसन की दसवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कोर्ट नंबर 13 पर 57 मिनट तक चले मुकाबले में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट को 6-3 6-4 से हराया। भारत और स्वीडन की जोड़ी ने शुरू से ही शानदार प्रदर्शन किया। अगर प्रतिशत के आंकड़ों पर गौर करें तो भांबरी और गोरानसन ने अपनी पहली सर्विस पर 97 प्रतिशत अंक जीते। दूसरी सर्विस पर अंक हासिल करने में भी उनका प्रदर्शन उतना ही प्रभावशाली रहा, जिसमें उन्होंने 91 प्रतिशत अंक जीते। भांबरी और गोरानसन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को दो बार तोड़ा और पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया, जिससे वे पूरे समय नियंत्रण बनाए रखने में सफल रहे।

## टाटा स्टील मास्टर्स

# गुकेश ने लगातार चौथी बार खेली ड्रॉ बाजी




एजेंसी ▶▶| विज्क आन ज़ी

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने हमवतन आर प्रज्ञाननंदा के साथ अंक बांटकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में लगातार चौथी बाजी ड्रॉ खेली जबकि अर्जुन एरिगैसी भी अनीश गिरी के डिफेंस को नहीं तोड़ सके।

प्रज्ञाननंदा का इस टूर्नामेंट में सफर अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उन्हें दो बाजियों में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजी ड्रॉ खेली। वह गिरी के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम को अमेरिकी खिलाड़ी हैंस मोके नीमन के हाथों अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा, जबकि नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने चेक गणराज्य के खिलाड़ी दाई वान गुयेन को पराजित किया। अब्दुसत्तोरोव और नीमन चार में से तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं, जबकि अर्जुन एरिगैसी, उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव और नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट उनके ठीक पीछे हैं। सिंदारोव ने जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम को हराया।

### लिजेले ली पर डब्ल्यूपीएल ने लगाया जुर्माना

**वडोदरा।** दिल्ली कैपिटल्स की विकेटकीपर लिजेले ली पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'ली ने आचार संहिता की धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण के अनादर को लेकर है। इसके लिए मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है।' यह घटना दिल्ली की पारी के 11वें ओवर की थी जब ली को तीसरे अंपायर के रिव्यू के बाद 46 के स्कोर पर स्टम्प आउट करार दिया गया।

## खबर संक्षेप



### याग्निक बने केकेआर के फील्डिंग कोच

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 के सत्र से पहले पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिशांत याग्निक को अपनी टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। केकेआर ने कहा कि याग्निक के व्यापक अनुभव का टीम को फायदा मिलेगा। केकेआर ने कहा, 'याग्निक अपने साथ भरपूर अनुभव और फील्डिंग में उत्कृष्टता की गहरी समझ लेकर केकेआर में शामिल होंगे। फ्रेंचाइजी आईपीएल में नए सहायक स्टाफ के साथ उतरेगी, जिसमें अभिषेक नायर (मुख्य कोच) के अलावा डेरेन ब्रावो (मेंटोर-मार्गदर्शक), शेन वॉटसन (सहायक कोच), टिम साउदी (गेंदबाजी कोच) और आंद्रे रसेल (पावर कोच) शामिल हैं।' बयान के अनुसार, 'आईपीएल से पहले याग्निक का केकेआर में शामिल होना पूर्व क्रिकेटर के कोचिंग करियर में एक नया अध्याय जोड़ेगा।' विकेटकीपर बल्लेबाज रहे याग्निक ने घरेलू क्रिकेट में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। वह 2011 से 2014 के बीच आईपीएल में 25 मैच भी खेले।

### पंड्या के बिना अधूरी भारतीय टीमः चोपड़ा



**नई दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पंड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ऑलराउंडर के बिना भारतीय टीम अधूरी है। भारत टी20 विश्व कप से पहले क्रिकेट के इस सबसे छोटे प्रारुप में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा। विश्व कप में भारत के खिताब बचाने के अभियान में हार्दिक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। चोपड़ा ने कहा कि भारतीय टीम में हार्दिक का कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा, 'हार्दिक पंड्या के बिना भारतीय टीम अधूरी है। पूरी दुनिया में हार्दिक जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है।

### ईटीपीएल में फ्रेंचाइजी के मालिक बने वॉ, मैक्सवेल



**सिडनी।** यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने आस्ट्रेलिया के क्रिकेट स्टार स्टीव वॉ और ग्लेन मैक्सवेल के साथ हॉकी स्टार जैमी ड्वायेर के फ्रेंचाइजी मालिक के रूप में जुड़ने की घोषणा की। वैश्विक बहु देश फ्रेंचाइजी लीग ईटीपीएल बालीवुड स्टार अभिषेक बच्चन ने शुरू की है, जिसे आईसीसी से मान्यता प्राप्त है। इसे नीदरलैंड, आयरलैंड और स्कॉटलैंड क्रिकेट बोर्ड का समर्थन हासिल है। लीग पिछले साल शुरू की गई थी लेकिन छह टीमों का यह टूर्नामेंट इस साल खेला जाएगा, जिसमें 34 मैच होंगे। ईटीपीएल ने पहली तीन टीमों एम्सटर्डम, एडिनबर्ग और बेलफास्ट के मालिकों की घोषणा कर दी है।

## इंडोनेशिया मास्टर्स

# सिंधू, लक्ष्य, श्रीकांत और अनमोल दूसरे दौर में पहुंचे




**जकार्ता (भाषा)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत बुधवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर के मैच में जापान की मनामी सुइजु पर 53 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 22-20 21-18 से जीत दर्ज की। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने एक कड़े मुकाबले में जापान के विश्व में नंबर 22 कोकी वातानाबे को एक घंटे 12 मिनट में 21-15, 21-23, 24-22 से हराया। अब उनका मुकाबला चौथे वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन से होगा, जिन्होंने आयरलैंड के न्हाट गुयेन को 21-14, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने अपने अभियान की शुरुआत पहले दौर में चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई पर 21-13 16-21 21-14 की जीत के साथ की। उनका अगला मुकाबला हांगकांग के जेसन गुनावन से होगा। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अनमोल खरब ने चीनी ताइपे के पाई यू पो पर सीधे गेम में 21-16, 21-17 से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। हालांकि आयुष शेट्टी, एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज पहले ही दौर में बाहर हो गए। आयुष को आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के अलवी फरहान से 8-21, 13-21 से और किरण को इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदिल्ला से 17-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रणय को केवल 35 मिनट तक चले मैच में मलेशिया के ली ज़ी जिया ने 19-21, 11-21 से बाहर का रास्ता दिखाया। महिला एकल में मालविका बंसोड़ को 37 मिनट तक चले मैच में कनाडा की छठी वरीयता प्राप्त मिशेल ली से 21-23, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा।

- **सिंधू ने महिला एकल में जापान की मनामी सुइजु को 22-20 21-18 से हराया**

## पीसीबी ने किया बांग्लादेश का समर्थन, मैचों की मेजबानी की पेशकश

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से भारत में टी20 विश्व कप खेलने से बांग्लादेश के इनकार का समर्थन किया है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भेजे गए एक पत्र में बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने की पेशकश की है। बांग्लादेश को ग्रुप चरण के चारों मैच भारत में खेलने हैं, जिनमें से पहले तीन कोलकाता में और एक मुंबई में होना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हालांकि अपनी सरकार के समर्थन से भारत जाने से इनकार किया है और उसके मैच श्रीलंका में कराने की मांग की है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया, 'पीसीबी ने ईमेल में कहा है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की मांग जायज है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए और अगर बांग्लादेश के मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने में कोई समस्या आती है तो पाकिस्तान उसके सभी मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार है।' आईसीसी और बीसीबी के बीच इस मसले पर कई बार बात हो चुकी है लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। आईसीसी का कहना है कि टूर्नामेंट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा जबकि बीसीबी भारत टीम नहीं भेजने पर अड़ा है। पीसीबी ने इस मसले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है लेकिन बोर्ड के सूत्रों ने कहा कि बांग्लादेश सरकार ने आईसीसी में सहयोग के लिए पाकिस्तान से संपर्क किया था।

# आज से रणजी ट्रॉफी, पंजाब की टीम से मैदान में उतरेंगे शुभमन

एजेंसी ▶▶| राजकोट

शुभमन गिल गुरुवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के बाद विश्राम लेने के बजाय पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले ग्रुप बी के महत्वपूर्ण मैच में खेलने का फैसला किया।

न्यूजीलैंड के हाथों वनडे श्रृंखला में भारत की 1-2 से अप्रत्याशित हार के बाद गिल सीधे राजकोट पहुंच गए थे, जहां उनका सौराष्ट्र के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से दिलचस्प मुकाबला हो सकता है।




### सिराज पर होगी सबकी निगाहें

दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है। सौराष्ट्र 13 अंकों के साथ चौथे जबकि पंजाब छठे स्थान पर है। इस ग्रुप में कर्नाटक 21 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि महाराष्ट्र उससे तीन अंक पीछे है। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी मोहम्मद सिराज पर भी सबकी निगाहें होंगी, जो अपने घरेलू मैदान पर हैदराबाद के कप्तान के रूप में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं। अंतरराष्ट्रीय मैचों से लौट रहे सिराज कप्तान के रूप में राहुल सिंह की जगह लेंगे। वह ग्रुप डी में 42 बार के चैंपियन मुंबई के खिलाफ हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। यह इस सत्र में उनका पहला रणजी मैच भी होगा। मुंबई पांच मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। उसकी टीम अजिंक्य रहाणे के बिना खेलेगी, जिन्होंने खुद को अनुपलब्ध घोषित कर दिया है। इस सत्र के शुरुआत में उन्होंने कप्तानी से भी इस्तीफा दे दिया था। मुंबई की टीम शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में खेलना जारी रखेगी।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग : 845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली की ली जगह

# कोहली को पछाड़ कर मिचेल बने नंबर वन बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने हाल में संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली को ताजा आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान से हटा दिया। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ यह श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी। इस तरह उसने भारतीय सरजमीं पर पहली बार वनडे श्रृंखला जीतकर 37 साल का इंतजार खत्म किया था।

मिचेल ने इस श्रृंखला में दो शतक लगाए और 34 वर्षीय यह बल्लेबाज मात्र 54 वीं पारी में सबसे तेज नौ वनडे शतक पूरे करने वाले चौथे पुरुष खिलाड़ी बन गए। केवल इमाम - उल - हक (48), हाशिम अमला (52) और क्विंटन डिकॉक (53) ही उनसे आगे हैं।



### दूसरी बार मिचेल ने की शीर्ष रैंकिंग हासिल

आईसीसी ने कहा, '845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली (795 अंक) की जगह ली है, जो अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दोनों बल्लेबाजों के बाद इब्राहिम जदरान , रोहित शर्मा , शुभमन गिल और बाबर आजम मौजूद हैं।' यह दूसरी बार है जब मिचेल ने वनडे क्रिकेट में शीर्ष रैंकिंग हासिल की है। इससे पहले वह पिछले साल नवंबर में सिर्फ तीन दिन के लिए शीर्ष पर रहे थे, जिसके बाद रोहित शर्मा ने उन्हें पछाड़ दिया था। भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेले गए वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स (पांच शतक) के बाद मिचेल (चार शतक) दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं। मिचेल वनडे में 54 पारियों में अब तक एक भी बार शून्य पर आउट नहीं हुए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## खबर संक्षेप

### दुनिया भर में ठप हुईं एपल की सेवाएं, एप स्टोर डाउन



**नई दिल्ली।** एपल यूजर्स के लिए बुधवार की सुबह मुश्किलों भरी रही क्योंकि भारत समेत दुनिया भर में एपल की कई प्रमुख सेवाएं अचानक ठप हो गईं। रिपोर्ट्स के अनुसार, यूजर्स को एप स्टोर, आईट्यून्स स्टोर और एपल टीवी जैसी सेवाओं को एक्सेस करने में भारी परेशानी हुई, जिससे न तो नए एप डाउनलोड हो पा रहे हैं और न ही कंटेंट खरीदने या स्ट्रीम करने की सुविधा मिल रही है। एपल के 'सिस्टम स्टेटस पेज' के अनुसार, तकनीकी खामियों की शुरुआत भारतीय समयानुसार सुबह 5:18 बजे हुई।

### जापान के पूर्व पीएम के हत्यारों को आजीवन कारावास



**टोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या करने वाले व्यक्ति को उम्रकैद की सजा मिली है। जापान की एक अदालत ने बुधवार को आबे की हत्या पर सुनवाई के दौरान आरोपी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 45 वर्षीय तेत्सुया यामागामी ने जुलाई 2022 में पश्चिमी शहर नारा में आबे के चुनावी भाषण के दौरान उनकी हत्या कर दी थी। यामागामी ने आबे के गले में गोली मारी थी। जिसके कारण उनकी मौत हो गई। इस घटना ने न सिर्फ जापान, बल्कि पूरी दुनिया को झकझोर दिया था।

### हथियार और सेना रखना काफी नहीं है, सैन्य ताकत महत्वपूर्ण है

# मजबूत सेना होने के बावजूद इच्छाशक्ति की कमी के कारण वेनेजुएला और इराक को झुकना पड़ाः वायुसेना प्रमुख सिंह






ऑपरेशन सिंदूर से पहले वायुसेना प्रमुख एपी सिंह और आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने तेजस से भरी थी उड़ान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि सैन्य शक्ति राष्ट्रीय ताकत का अंतिम फैसला करने वाला तत्व है, लेकिन उसकी असली प्रभावशीलता राजनीतिक और रणनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करती है। उन्होंने वेनेजुएला और इराक को हाल के उदाहरण बताते हुए कहा कि इन देशों में मजबूत सेना होने के बावजूद इच्छाशक्ति की कमी के कारण वे दूसरे देशों के सामने झुक गए। यह बात उन्होंने दिल्ली में 22वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार में कही। यह सेमिनार सेंटर फॉर एयरोस्पेस पावर एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज द्वारा आयोजित किया गया था।

### वायु शक्ति की निर्णायक भूमिका

एयर चीफ ने वायु शक्ति को आधुनिक युद्ध में सबसे प्रभावी बताया। उन्होंने कहा कि वायुसेना ने कई बार तेज और सटीक कार्रवाई करके जरूरी परिणाम दिए हैं- जैसे संघर्ष क्षेत्रों से लोगों को निकालना, आतंकी ठिकानों पर हमला करना। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया, जो मई 2025 में पाकिस्तान के आतंकी कैंपों के खिलाफ हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर में वायु शक्ति ने कमाल किया।

### सैन्य आधुनिकीकरण में आगे भारत

यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत सैन्य आधुनिकीकरण, स्वदेशी हथियार (मेक इन इंडिया) और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों के सामने तैयारियों को तेज कर रहा है। एयर चीफ ने कहा वेनेजुएला जहां हाल में अमेरिकी दबाव और सैन्य कार्रवाई के बाद और इराक 2003 में अमेरिकी हमले से सद्दाम का तख्ता पलट) जैसे उदाहरण दुनिया को सिखाते हैं ।

### सुब्रतो मुखर्जी को श्रद्धांजलि

*एयर चीफ ने भारतीय वायुसेना के संस्थापक एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी को याद किया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और अनिश्चितता के दौर में भी उनकी दूरदर्शिता ने वायुसेना को सही दिशा दी। आज वायुसेना मजबूत हो रही है।*

### घुटनों पर आ गया था पाकिस्तान

*वायु सेना चीफ ने कहा, चाहे युद्ध क्षेत्रों से लोगों को बाहर निकालना हो, जैसा कि हमने सूडान में किया या आतंकी ढांचे और आतंकवादियों पर हमला करना भारतीय वायुसेना ने हर जगह अपनी क्षमता साबित की है। हमने पाकिस्तान में कुछ ही घंटों में कई ठिकानों पर हमला कर उन्हें घुटने टेकने पर मजबूर किया। ये हमारी वायुसेना की ताकत थी, जिसने हर जगह कमाल किया।*

### हथियार रखना ही काफी नहीं

*एयर चीफ ने जोर दिया कि आर्थिक, कूटनीतिक और तकनीकी ताकत बहुत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन मजबूत सेना के बिना कोई भी देश सुरक्षित नहीं रह सकता। अगर मजबूत सेना नहीं है, तो कोई भी आपको अधीन बना सकता है। वेनेजुएला और इराक सबसे हाल के उदाहरण हैं। एयर चीफ ने स्पष्ट किया कि सिर्फ हथियार और सेना रखना काफी नहीं है। सैन्य ताकत महत्वपूर्ण है, लेकिन उसका इस्तेमाल करने की इच्छाशक्ति उससे ज्यादा जरूरी है। अगर आप लगातार संयम दिखाते रहेंगे, तो वह कमजोरी मानी जाएगी। मजबूत होने पर ही संयम दिखाना असली क्षमता माना जाता है। उन्होंने कहा कि कमजोर इच्छाशक्ति वाले देश आसानी से दबाव में आ जाते हैं या हमला सहते हैं।*

### इजराइल ने शुरू की बनेई मेनाशे समुदाय की स्क्रीनिंग

# तैयारी तेजः भारत से 3300 यहूदी वापस इजराइल जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मंजूरी के बाद, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में रहने वाले 'बनेई मेनाशे' समुदाय को इजराइल ले जाने की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। दिसंबर की शुरुआत में मिजोरम की राजधानी आइजोल में आयोजित एक विशेष शिविर के दौरान लगभग 3,300 आवेदकों के इंटरव्यू लिए गए। यह प्रक्रिया दो मुख्य कारणों से ऐतिहासिक मानी जा रही है। एक दशक के अंतराल के बाद आयोजित यह स्क्रीनिंग इस बार किसी निजी संस्था के बजाय सीधे इजरायल सरकार के 'अलियाह और एब्जॉर्प्शन मंत्रालय' द्वारा संचालित की गई। 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर-जनरल ने किया, जिसमें 'डेयानिम' (रैबिनिकल जज) भी शामिल थे।

### हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से आइजोल पहुंचे लोग

आवेदकों में मणिपुर के चुराचांदपुर से आए कुकी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से आइजोल पहुंचने के लिए आवेदकों ने 10 घंटे की जोखिम भरी यात्रा तय की। बनेई मेनाशे समुदाय खुद को इजरायल की खोई हुई जनजातियों का वंशज मानता है। 2005 में इजरायल के मुख्य रब्बी द्वारा इन्हें इजरायल का बीज स्वीकार किए जाने के बाद से ही इनके माइग्रेशन का रास्ता खुला था।

## कैमरे लगाते समय की गोलीबारी भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**जम्मू।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में 20-21 जनवरी की रात भारत और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच गोलीबारी हुई। रक्षा सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह झड़प तब हुई जब 6 राष्ट्रीय राइफल्स के सैनिक केरन बाला इलाके में सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और लाइन ऑफ कंट्रोल के साथ ब्लाइंड स्पॉट को खत्म करने के लिए हाई-टेक सर्विलांस कैमरे लगा रहे थे। पाकिस्तानी सैनिकों की गोलीबारी का भारतीय जवानों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तानी सैनिकों ने इंस्टॉलेशन को रोकने के लिए छोटे हथियारों से दो राउंड फायरिंग की। जिसके जवाब में भारतीय पक्ष से एक, सोच-समझकर जवाबी गोली चलाई गई। हालांकि दोनों तरफ से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन भारतीय सेना ने घने जंगल वाले इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है।




Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-Showroom Price of Destini110 in Delhi. T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura: Shraman Hero – 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero- 9289922530, Raja Puri: Singla Hero- 7836078383, Samalkha: Singla Hero- 7836078484, Janak Puri: Singla Hero- 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310; Noida: H-206A, Sector 63- Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124- Uppal Hero- 9289922462, Sector-58 C-70- Singla Hero- 9289923059; Ghaziabad: Meerut, Delhi Road- Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar- Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327, VPS Jindal Motors, Neelambata Road, 9289235889.

RS/Hero/12/25